संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Sarguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com
ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 285 मंगलवार 19 अगस्त 2025,पृष्ठ - 8+8 मूल्य 4 रूपये

## संक्षिप्त खबरें

### जीएसटी की मौजूदा 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत का स्लैब खत्म होगा




**5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो दरें प्रस्तावित:सरकारी सूत्र**

**नई दिल्ली,18 अगस्त 2025(ए)।** केंद्र सरकार वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) में बड़ा बदलाव लाने जा रही है, जिसके तहत मौजूदा 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के स्लैब को समाप्त किया जाएगा और केवल 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत के दो स्लैब रह जाएंगे। यह जानकारी सरकारी सूत्रों की ओर से शुक्रवार को दी गई। सरकारी सूत्रों ने कहा कि वित्त मंत्रालय की ओर से जीएसटी परिषद को जो प्रस्ताव भेजा गया है। उसमें केवल दो जीएसटी दरें -5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत प्रस्तावित हैं। इसका मतलब मौजूदा 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के स्लैब आने वाले समय में समाप्त हो जाएंगे।

### पीएमओ का पता साउथ ब्लॉक छोड़ नए ठिकाने पर होगा शिफ्ट



**नई दिल्ली,18 अगस्त 2025(ए)।** आजादी के 78 साल बाद, देश के प्रधानमंत्री कार्यालय का पता बदलने जा रहा है। पीएमओ जो दशकों से दिल्ली के साउथ ब्लॉक से काम कर रहा है,अगले महीने अपने नए दफ्तर में शिफ्ट हो जाएगा। यह नया दफ्तर सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत बने एक्जीक्यूटिव एन्क्लेव में होगा,जो साउथ ब्लॉक से कुछ ही सौ मीटर की दूरी पर है।

### रथयात्रा के दौरान करंट लगने से 5 की मौत,4 घायल



**हैदराबाद,18 अगस्त 2025(ए)।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर हैदराबाद के रामनाथपुर, गोकुलनगर इलाके में रथयात्रा के दौरान एक दर्दनाक हादसे ने पूरे शहर को झकझोर दिया। रविवार देर रात आयोजित जुलूस में रथ के हाई-टेंशन बिजली के तार से टकराने के कारण पांच श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

### अब रेलवे ट्रैक से ही पैदा होगी बिजली



**वाराणसी,18 अगस्त 2025 (ए)।** भारतीय रेलवे ने ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर एक और बड़ा कदम बढ़ाते हुए इतिहास रच दिया है। देश में पहली बार उत्तर प्रदेश के वाराणसी में रेलवे पटरियों के बीच सोलर पैनल लगाकर बिजली का उत्पादन शुरू किया गया है। यह अनूठी पहल वाराणसी स्थित बनारस लोकोमोटिव वर्क्स के परिसर में की गई है, जहां ट्रैक पर लगाए गए सोलर पैनल को सफलतापूर्वक चालू कर दिया गया है। रेलवे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत बीएलडब्ल्यू कैंपस में 70 मीटर लंबे ट्रैक पर कुल 28 सोलर पैनल लगाए गए हैं। इन पैनलों की कुल क्षमता 15 किलोवॉट-पीक है और इनसे प्रतिदिन लगभग 67 यूनिट बिजली का उत्पादन होने का अनुमान है। इस सौर ऊर्जा संयंत्र को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शुक्रवार, 15 अगस्त को शुरू किया गया।

# चुनाव आयोग पर विपक्ष का हमला तेज

## » मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग पर विचार...

**नई दिल्ली,18 अगस्त 2025 (ए)।** पिछले कई दिनों से कांग्रेस और विपक्षी दल चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। राहुल गांधी ने हाल ही में इस मामले पर एक प्रेजेंटेशन भी दिया था,जिसके बाद राजनीति गरमा गई। कांग्रेस के आरोपों के बाद चुनाव आयोग ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की और विपक्षी दलों को चेतावनी दी कि उनके कंधे पर बंदूक रखकर राजनीति न की जाए।

**विपक्षी दलों की नाराजगी, महाभियोग पर विचार**

चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद विपक्षी दलों ने नाराजगी जताई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इंडिया ब्लॉक की बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्तज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग लाने की बात कही। बैठक में इस पर प्रस्ताव भी पेश किया गया है, हालांकि अब तक अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

**कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई का सवाल-बीजेपी पर क्यों नहीं सख्ती?**

कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने बीजेपी से वैसा ही अनुरोध क्यों नहीं किया जैसा विपक्षी दलों से किया? उन्होंने आरोप लगाया कि सीईसी ज्ञानेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके संवैधानिक पद की गरिमा को कमजोर किया है और कांग्रेस के साथ पक्षपात किया है।



**चुनाव आयुक्त का बयान:आरोपों से न डरते हैं,न झुकते हैं...**

प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि आयोग पर लगाए जा रहे वोट चोरी जैसे आरोप झूठे हैं। न तो आयोग इनसे डरता है और न ही मतदाता। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग की नजर में न कोई पक्ष है और न विपक्ष, सभी बराबर हैं। साथ ही कहा कि अगर किसी को गड़बड़ी लगती है तो वह सबूत पेश करे, केवल आरोप लगाने से कुछ साबित नहीं होगा।

**कांग्रेस के आरोप: बीजेपी के लिए काम कर रहा है चुनाव आयोग**

कांग्रेस का आरोप है कि चुनाव आयोग बीजेपी के इशारे पर काम कर रहा है। राहुल गांधी कई बार कह चुके हैं कि आयोग नए वोटरों के जरिए चुनावों में धांधली करता है और वोट चोरी में मदद करता है। कर्नाटक चुनाव का उदाहरण देते हुए राहुल गांधी ने कहा था कि आयोग ने वहां भी पक्षपात किया।

**विपक्ष क्यों है नाराज:प्रेस कॉन्फ्रेंस बनी वजह**

इंडिया गठबंधन के नेताओं का गुस्सा चुनाव आयुक्त की प्रेस कॉन्फ्रेंस पर केंद्रित है। इस प्रेस वार्ता में आयोग ने साफ कहा था कि अगर गड़बड़ियों का आरोप लगाना है तो विपक्षी दलों को ठोस सबूत देने होंगे और एक हफ्ते के भीतर हलफनामा दाखिल करना होगा। विपक्ष का मानना है कि यह बयान पक्षपातपूर्ण है और संवैधानिक पद की मर्यादा के खिलाफ है।

**सुप्रीम कोर्ट का आदेश और एसआईआर विवाद**

चुनाव आयोग की प्रेस कॉन्फ्रेंस से ठीक पहले सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि बिहार में एसआईआर के तहत काटे गए 65 लाख वोटरों की सूची सार्वजनिक की जाए। इसी मुद्दे पर कांग्रेस लगातार आयोग पर सवाल उठा रही है।

**महाभियोग पर टिकी सबकी नजर**

चुनाव आयोग और विपक्ष के बीच जारी तनातनी अब महाभियोग की ओर बढ़ती दिख रही है। इंडिया ब्लॉक के दलों ने महाभियोग प्रस्ताव पर विचार शुरू कर दिया है। अब देखना यह होगा कि विपक्ष वास्तव में इसे आगे बढ़ाता है या नहीं।

## शुभांशु शुक्ला को लेकर शशि ने विपक्ष को दे डाली नसीहत

**नई दिल्ली,18 अगस्त 2025 (ए)।** कांग्रेस सांसद थरूर एक बार फिर से अपनी ही पार्टी लाइन के खिलाफ जाकर विपक्ष पर तंज कसा है। इस बार मुद्दा था अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला पर संसद में विशेष चर्चा को लेकर। दरअसल,विपक्ष ने शुभांशु शुक्ला पर संसद में विशेष चर्चा में भाग लेने से मना कर दिया और एसआईआर के मुद्दे पर लगातार विरोध कर रहा है। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट करते हुए विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने अपने पोस्ट में शुभांशु शुक्ला की उपलब्धि गिनवाते हुए विपक्ष को नसीहत दे डाली।



**शशि थरूर ने विपक्ष को पढ़ाया पाठ**

शशि थरूर ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए लिखा चूंकि विपक्ष विशेष चर्चा में भाग नहीं ले रहा है, इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि कमांडर शुभांशु शुक्ला के हालिया अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन मिशन पर सभी भारतीयों को कितना गर्व है। यह हमारे देश के अपने मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान, के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। शुक्ला के मिशन ने इसरो को अमूल्य व्यावहारिक अनुभव और डेटा प्रदान किया, जिसे सिमुलेशन में दोहराया नहीं जा सकता। प्रक्षेपण-पूर्व प्रक्रियाओं, अंतरिक्ष यान प्रणालियों और सूक्ष्म-गुरुत्वाकर्षण के मनोवैज्ञानिक और शारीरिक प्रभावों पर उनके प्रत्यक्ष अवलोकन गगनयान मिशन को जोखिम-मुक्त और परिष्कृत बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

**किरेन रिजिजू ने क्या कहा?**

वहीं, इससे पहले केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक पोस्ट किया था। उन्होंने लिखा कि हमारे हीरो अंतरिक्ष यात्री कैप्टन सुभांशु शुक्ला अंतर्राष्टीय अंतरिक्ष स्टेशन के सफल मिशन के बाद स्वदेश लौट आए हैं। संसद उनके इस ऐतिहासिक पड़ाव और अंतरिक्ष में भारत की बढ़ती महत्वाकांक्षाओं पर एक विशेष चर्चा के साथ उन्हें सम्मानित करेगी।

**विपक्ष का मतदाता सूची पर विरोध जारी**

हालांकि, विपक्ष ने स्पष्ट कर दिया कि वे बिहार मतदाता विवाद पर विरोध प्रदर्शन जारी रखेंगे-और उन्होंने ऐसा ही किया,जब विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने आज दोपहर चर्चा शुरू की। कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्ष ने अप्रैल-मई में हुए लोकसभा चुनाव और अक्टूबर में हुए महाराष्ट्र चुनाव में मतदाता धोखाधड़ी-चुनाव आयोग और सत्तारूढ़ भाजपा की मिलीभगत-का आरोप लगाया है।



## पीएम मोदी ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से मुलाकात की

**नई दिल्ली,18 अगस्त 2025(ए)।** पीएम मोदी ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से मुलाकात की है। पीएम मोदी और शुभांशु की ये मुलाकात 7 लोककल्याण मार्ग पर हुई है। इसका वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पीएम मोदी, शुभांशु को शाबाशी देते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो में पीएम मोदी से मिलकर शुभांशु भी खुश नजर आ रहे हैं।



## तीन मंजिला इमारत में भीषण आग लगने से दो युवतियों समेत तीन लोगों की मौत

**नई दिल्ली,18 अगस्त 2025 (ए)।** पश्चिम दिल्ली के राजा गार्डन इलाके में सोमवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां के महाजन इलेक्ट्रॉनिक्स की इमारत में आग लगने से तीन लोगों की जान चली गई। दोपहर करीब 3:08 बजे तीसरी मंजिल पर स्थित एक दफ्तर में यह आग भड़की, जहां चार लोग फंस गए थे। दमकल विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। टीम ने चारों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन इलाज के दौरान 23 वर्षीय आयुषी, 21 वर्षीय अमनदीप कौर और एक युवक रवि की जान नहीं बचाई जा सकी। चौथे व्यक्ति की हालत गंभीर बताई जा रही है।
घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। इमारत में आग कैसे लगी, इसके कारणों की जांच की जा रही है।

## सुप्रीम कोर्ट ने बेटिंग ऐप्स केस टाला



**» डॉ.के.ए. पॉल ने बढ़ती मौतों पर जताई गहरी चिंता**

**नई दिल्ली,18 अगस्त 2025 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट में आज,18 अगस्त को कोर्ट नंबर 2 में बेटिंग ऐप्स से जुड़े अहम मामले की सुनवाई होनी थी। यह तारीख खुद अदालत ने 1 अगस्त को अपने आदेश में तय की थी। लेकिन अप्रत्याशित रूप से मामला अब टाल दिया गया है और इसे कल के लिए पुनः सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया गया है। इस स्थगन पर गहरी चिंता जताते हुए डॉ. के. ए. पॉल ने कहा कि हर दिन की देरी से भारतीय युवाओं की जान जा रही है। उन्होंने कहा, कोर्ट ने ही 18 अगस्त को अंतरिम आदेश जारी करने और मामले को केंद्र सरकार को सौंपने का आश्वासन दिया था। लेकिन अचानक हुई देरी से हालात और बिगड़ रहे हैं। बीते दिनों ही तीन युवाओं ने आत्महत्या कर ली,एक युवक ने बेटिंग के पैसों को लेकर अपने पिता की हत्या कर दी और एक अन्य शख्स अपनी मासूम बेटी को बेसहारा छोड़ गया। आखिर कितनी और जानें जाएँगी तब जाकर निर्णायक कदम उठाया जाएगा? डॉ. पॉल ने युवा सुरेश का दर्दनाक मामला भी उठाया।

## क्रिप्टो पर कानूनी शून्य मामले पर अदालतों ने सरकार को दी सख्त हिदायत

**नई दिल्ली,18 अगस्त 2025 (ए)।** भारतीय अदालतें बार-बार सरकार को आगाह कर रही हैं कि क्रिप्टो संपत्तियों के लिए कोई स्पष्ट कानून न होना गंभीर चिंता का विषय है। 2020 के इंटरनेट एण्ड मोबाईल एसोसियेशन ऑफ इंडिया मामले से लेकर हाल की



सुनवाइयों तक, न्यायपालिका ने साफ किया है कि यह क्षेत्र कानूनी धुंधलके में काम कर रहा है और इसका असर नागरिकों व एजेंसियों दोनों पर पड़ रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में केंद्र की दोहरी नीति पर सवाल उठाए। अदालत ने कहा कि जब बिटकॉइन जैसी मुद्राओं पर 30 प्रतिशत कर लिया जा रहा है,तो नियमन क्यों नहीं? न्यायालय ने चेताया कि अनियंत्रित क्रिप्टो एक समानांतर अर्थव्यवस्था खड़ी कर सकता है,जो वित्तीय स्थिरता को डगमगा देगा। बहस की शुरुआत 2020 से हुई, जब सुप्रीम कोर्ट ने आरबीआई द्वारा लगाए गए पूर्ण बैंकिंग प्रतिबंध को रद्द कर दिया।

## महिला एसआई की सड़क हादसे में मौत

**कविनगर,18 अगस्त 2025(ए)।** उत्तर प्रदेश में कविनगर थाना क्षेत्र में तैनात 25 वर्षीय महिला एसआई रिचा शर्मा की देर रात एक



सड़क हादसे में मौत हो गया। मूल रूप से कानपुर निवासी रिचा 2023 बैच की अधिकारी थीं और शास्त्रीनगर चौकी पर तैनात थीं। जानकारी के मुकाबिक, हादसा देर रात करीब 2 बजे का है जब ड्यूटी खत्म करने के बाद रिचा शर्मा स्कूटी से अपने किराए के आवास पर लौट रही थीं। शास्त्रीनगर के कार्ट चौक के पास अचानक एक आवारा कुत्ता सड़क पर आ गया। रिचा ने उसे बचाने की कोशिश में अपनी गांड़ी मोड़ी, लेकिन पीछे से आ रही कार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई।




## कोच्चि से दिल्ली जा रही एयर इंडिया के विमान में तकनीकी खराबी

**अमहदाबाद,18 अगस्त 2025(ए)।** अमहदाबाद विमान हादसे के बाद से आए दिन एयर इंडिया विमान में खामियां सामने आ रही है। एक बार फिर तकनीकी खराबी के कारण उड़ान रद्द कर दी गई। केरल के कोच्चि एयरपोर्ट से दिल्ली जाने वाली विमान को ले तकनीकी खराबी के कारण रद्द कर दी गई. फ्लाइट में कुछ विशेष लोग भी यात्रा कर रहे थे, जिनमें दो सांसद भी शामिल थे.कोच्चि से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 504, उड़ान भरने से ठीक पहले तकनीकी खराबी के कारण रद्द कर दी गई

## एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को मिला वाईएसआरसीपी का समर्थन



**आंध्र प्रदेश,18 अगस्त 2025(ए)।** 11 सांसदों वाली वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को समर्थन देने का फैसला किया है, जिससे सत्तारूढ़ गठबंधन को बल मिला है। इस खबर की पुष्टि करते हुए वाईएसआर कांग्रेस के सांसद मद्दिला गुरुमूर्ति ने कहा कि उनकी पार्टी ने एनडीए के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन का समर्थन करने का फैसला किया है,जबकि विपक्ष की ओर से अपना उम्मीदवार खड़ा कर चुनाव लड़ने के संकेत मिल रहे हैं।

# संपादकीय

## अमेरिका से बिगड़ते संबंध

आवश्यक है कि विदेश नीति में किसी परिवर्तन से पहले उसके सभी आयामों पर गंभीरता से विचार हो। सिर्फ अमेरिका को सख्ती का संकेत देने के लिए अथवा जज्बाती प्रतिक्रिया में ऐसा करना भारत के हित में नहीं होगा। अमेरिका से बिगड़ते संबंधों के साथ भारत में अचानक चीन से रिश्ते सुधारने और रूस से संबंध और गहरा करने की जरूरत पर अधिक जोर दिया जाने लगा है। संकेत हैं कि भारत सरकार ने इससे संबंधित प्रक्रियाओं को तेज कर दिया है। उधर, ऐसा लगता है कि चीन ने इस नई परिस्थिति में अपने लिए अवसर देखा है। भारत और अमेरिका के बीच दरार चौड़ी हो जाए, तो चीन के लिए यह अच्छी स्थिति होगी। यह अमेरिका की चीन को घेरने की रणनीति के लिए एक झटका होगा,जिसे स्वरूप देने में गुजरे डेढ़ दशक में अमेरिका ने अपनी काफी ऊर्जा लगाई है। तो खबर है कि चीन ने भारत को उर्वरकों के निर्यात रोकने की नीति में ढिलाई दे दी है और कथित रबर डंपिंग के मामले में भारत के खिलाफ जांच रोक दी है।इधर भारत ने दोनों देशों के बीच सीधी विमान सेवा शुरू करने का ठोस संकेत दिया है। इसी बीच खबर आई है कि चीन के विदेश मंत्री वांग यी 18 अगस्त को भारत आएंगे। वांग सीमा विवाद पर वार्ता के लिए चीन के विशेष प्रतिनिधि भी हैं। नई दिल्ली में भारत के विशेष प्रतिनिधि अजित डोवल से उनकी बातचीत होगी। साथ ही एलान हुआ है कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर 21 अगस्त को मास्को जाएंगे। ये तमाम कूटनीतिक गतिविधियां शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तय चीन यात्रा से पहले हो रही हैं।रूस और चीन दोनों भारत के साथ अपनी त्रिपक्षीय वार्ता का क्रम फिर शुरू करने पर जोर दे रहे हैं। इसलिए ताजा गतिविधियों को उस प्रयास से जोड़ कर देखा जा रहा है। भारत इसके लिए तैयार होता है या नहीं, यह देखने की बात होगी। ऐसा हुआ, तो वह भारत की विदेश नीति में बड़े परिवर्तन का संकेत होगा? स्पष्टत- उसके दूरगामी परिणाम होंगे। इसलिए आवश्यक है कि ऐसे किसी परिवर्तन से पहले उसके सभी आयामों पर गंभीरता से विचार किया जाए। सिर्फ अमेरिका को सख्ती का संकेत देने के लिए अथवा जज्बाती प्रतिक्रिया के तहत ऐसा करना भारत के हित में नहीं होगा।

# प्रकृति से खिलवाड़ के खतरनाक नतीजे



**विजय गर्ग**
चांद मलोट
पंजाब

भारतीय दर्शन के अनुसार,मानव सभ्यता का विकास हिमालय और उसकी नदी घाटियों से माना जाता है। आज विकास के तरीकों और जल्दबाजी से समूचे हिमालय के दरकने का सिलसिला जारी है। उत्तराखंड के उत्तरकाशी में धराली गांव समेत तीन स्थानों पर आई प्राकृतिक आपदा एक चेतावनी है कि प्रकृति से खिलवाड़ के नतीजे भयानक हो सकते हैं। धराली और हर्षिल में बाढ़ के रूप में प्रकृति ने जो दृश्य दिखाए हैं,वे वास्तव में भयावह हैं। एक बार फिर चारधाम यात्रा से जुड़े इस मार्ग पर केदारनाथ आपदा की कहानी प्रकृति है।

दरअसल,वर्तमान में समूचा हिमालयी क्षेत्र आधुनिक विकास और जलवायु परिवर्तन के खतरों से दो-चार हो रहा है। मौसम और प्राकृतिक आपदाओं की जानकारी देने वाले उपग्रह चाहे जितने आधुनिक तकनीक से जुड़े हों, वे अनियमित हो चुके मौसम के कारण बादलों के फटने,हिमनदों के टूटने और भारी बारिश होने की क्षेत्रवार सटीक जानकारी नहीं के टूटने दे पाते हैं। वर्ष 2013 में केदारनाथ त्रासदी और 2014 में जम्मू-कश्मीर की नदियों में बाढ़ आने के संकेत भी उपग्रह से नहीं मिल पाए थे। इसी तरह वर्ष 2021 में नंदा देवी राष्ट्रीय उद्यान के निकट हिमनद के टूटने से तबाही मची थी। इससे धौलीगंगा नदी में अचानक बाढ़ आई और तपोवन पनबिजली परियोजना में काम कर रहे अनेक मजदूर काल के गाल में समा गए थे। हिमाचल प्रदेश में भी भू-स्खलन, बादल फटने और भारी बारिश से तबाही देखने में आ रही है।

मौसम विज्ञानियों का कहना है कि इस बार मानसून में लंबी बाधा के कारण देश के कुछ हिस्सों में कम बारिश से सूखे जैसे हालात निर्मित हो हैं,जबकि हिमाचल और उत्तराखंड में भारी बारिश तबाही मचा रही है। मानसून में रुकावट आ जाने से बादल पहाड़ों पर इकट्ठे हो जाते हैं और यही मूसलाधार बारिश के कारण बनते हैं। मगर तबाही के लिए मानसून को जिम्मेदार ठहरा कर जवाबदेही से नहीं बचा सकता। केदारनाथ में बिना मानसून की रुकावट के ही तबाही आ गई थी। इसलिए यह कहना बेमानी है कि मानसून की रुकावट तबाही में बदली। असल में समूचे हिमालय क्षेत्र में बीते एक दशक से पर्यटकों के लिए सुविधाएं जुटाने तथा जल विद्युत और रेल परियोजनाओं के कार्यों में प्रकृति से छेड़छाड़ हो रही है। इन परियोजनाओं के लिए हिमालय क्षेत्र में रेल गुजारने और कई हिमालयी छोटी नदियों को बड़ी नदियों में मिलाने के लिए सुरंगें निर्मित की जा रही हैं। बिजली परियोजनाओं के लिए भी जो संयंत्र लग रहे हैं, उनके लिए हिमालय को खोखला किया जा रहा है।





आधुनिक औद्योगिक और प्रौद्योगिकी विकास में असंतुलन का ही परिणाम है कि आज पहाड़ दरकने लगे हैं, जिन पर हजारों वर्ष से मनुष्य अपनी ज्ञान परंपरा के बूते जीवन यापन करने के साथ हिमालय और वहां रहने वाले अन्य जीव जगत की भी रक्षा करता रहा था हिमालय और पृथ्वी सुरक्षित बने रहें,इस दृष्टि से कृतज्ञ मनुष्य ने अथर्ववेद में लिखे पृथ्वी सूक्त में अनेक प्रार्थनाएं की हैं। इसमें राष्ट्रीय अवधारणा एवं वसुधैव कुटुंबकम की भावना को पोषित एवं फलित करने के लिए मनुष्य को नीति और धर्म से बांधने की कोशिश की है, लेकिन हमने कथित भौतिक सुविधाओं के लिए अपने आधार को ही नष्ट करने का काम आधुनिक विकास के बहाने कर दिया।

आपदा प्रभावित धराली और हर्षिल क्षेत्र में बहने वाली भागीरथी नदी पर बनी 1300 मीटर लंबी और 80 मीटर चौड़ी झील से पानी का रिसाव हो रहा है, इसे पोकलैंड मशीनों से तोड़ने की तैयारी है,ताकि रिसाव के लिए थोड़ा प्रवाह बढ़ जाए और झील का जलस्तर घट जाए। अगर इस झील के बीच कोई बड़ा बोल्डर होगा, तो इसे नियंत्रित विस्फोटक से तोड़ा जाएगा। पहाड़ों में अतिवृष्टि के चलते यह झील अस्तित्व में आ गई है। हिमालय में झील, तालाब और हिमनदों का बनना एक आश्चर्यजनक,लेकिन स्वाभाविक प्रक्रिया है। चूंकि यह झील हर्षिल और धराली के लिए संकट बन गई है, लिहाजा इसे तोड़ा जाना जरूरी हो गया है। अगर यह प्राकृतिक प्रकोप के चलते टूटती है, तो धराली एवं हर्षिल को और खतरा बढ़ जाएगा। देहरादून सिंचाई विभाग के अभियंताओं का बारह सदस्यीय दल हेलिकाप्टर से झील के निरीक्षण में लगा है। झील के प्रवाह में यदि कोई चट्टान बाधा है,तो उसे रिमोट से नियंत्रित विस्फोटक से तोड़ा जाएगा। इस विधि से वही हिस्सा टूटता है, जितना तोड़ना जरूरी होता है। हालांकि अभी तक यह निश्चित अनुमान नहीं लगाया जा सका है। इस जल प्रलय का वास्तविक कारण क्या है। भू-विज्ञानी असमंजस में हैं। सच्चाई जानने के लिए वे अब रिमोट सेंसिंग डेटा और सेटेलाइट डेटा की प्रतीक्षा में है। इससे स्थिति साफ होगी कि खीर गंगा नदी में आया सैलाब बादल फटने, हिमनद टूटने या भू-स्खलन से आया या फिर किसी अन्य कारण से। इस सिलसिले में भू-विज्ञानियों और विशेषज्ञों का मानना कि नदी में अचानक इतना सैलाब किस कारण से आया, यह कहना फिलहाल संभव नहीं है। यह आपदा प्राकृतिक और मानव निर्मित दोनों ही कारण से हो सकती है। इन विरोधाभासी अनुमानों से साफ है कि इस बार आई आपदा के बारे में कारण स्पष्ट नहीं है। दरअसल, पर्वतीय क्षेत्रों में प्रकृति के साथ संतुलन बना कर विकास कार्य होना चाहिए,लेकिन कथित विकास की चकाचौंध में राज्य सरकारें कोई संतुलित नीति बना भी लेती हैं, तो उसके क्रियान्वयन में ईमानदारी नहीं बरतती हैं। यही वजह है पूरे हिमालय क्षेत्र में अंधाधुंध विकास की परियोजनाएं हिमालय की आंतरिक सुगठित संरचना को नष्ट कर रही है।

इस आपदा ने यह साफ कर दिया है कि उत्तराखंड के उच्च हिमालयी क्षेत्र में झीलों के खतरे बढ़ रहे हैं। राज्य में ऐसी करीब 1266 झीलें हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने उत्तराखंड में 13 हिमनदों को खतरनाक श्रेणी के रूप में चिह्नित किया है। इनमें से पांच को उच्च जोखिम श्रेणी में रखा है। हालांकि यह मुद्दा कोई नया नहीं है। वर्ष 2013 में केदारनाथ जल प्रलय के बाद मुद्दा महत्त्वपूर्ण हो गया था।

उत्तराखंड भूकम्प के सबसे खतरनाक जोन-5 में आता है। कम तीव्रता के भूकम्प यहां निरंतर आते रहते हैं। मानसून के दौरान हिमाचल और उत्तराखंड पहाड़ी जिलों में भू-स्खलन, बादल फटने और बिजली गिरने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। पहाड़ों के दुरकने के साथ हल्के भूकम्प भी आ रहे हैं। उत्तराखंड और हिमाचल में बीते सात वर्षों में 130 बार से ज्यादा छोटे भूकम्प आए हैं। हिमाचल और उत्तराखंड में जल विद्युत और रेल परियोजनाओं ने बड़ा नुकसान पहुंचाया है। टिहरी पर बांध को रोकने के लिए तो लंबा अभियान चला था। पर्यावरणविद और भू-वैज्ञानिक भी हिदायतें देते रहे हैं कि गंगा और उसकी सहायक नदियों की अविरल धारा बाधित हुई, तो फिर गंगा तो अस्तित्व खोएगी ही, हिमालय की अन्य नदियों और झीलों का अस्तित्व भी खतरे में पड़ सकता है।

## असली अवसरवादी राजनीति

तेलंगाना की मुख्य विपक्षी पार्टी भारत राष्ट्र समिति के 10 विधायकों के पाला बदल कर कांग्रेस में जाने के मामले में विधानसभा के स्पीकर के सुप्रीम कोर्ट ने सख्त निर्देश दिया है। सर्वोच्च अदालत ने कहा है कि स्पीकर इन विधायकों की अयोग्यता के मामले में तीन महीने के अंदर फैसला करें। असल में इस मामले के एक साल से ज्यादा हो गए हैं। नवंबर 2023 में तेलंगाना में विधानसभा चुनाव हुए थे और कांग्रेस पार्टी ने अपने दम पर पूर्ण बहुमत हासिल किया था। चुनाव के थोड़े दिन के बाद मुख्य विपक्षी पार्टी भारत राष्ट्र समिति के विधायकों के टूट कर कांग्रेस में शामिल होने का सिलसिला शुरू हुआ। यह कोई नई बात नहीं है। अवसरवादी राजनीति के लिए उत्तर भारत की हिंदी पट्टी को बेवजह बदनाम किया जाता है। असली अवसरवादी राजनीति तो दक्षिण के राज्यों में देखने को मिलती है। 2023 से पहले 10 साल तक बीआरएस का राज था तो कांग्रेस के दर्जनों बड़े नेता पाला बदल कर उसके साथ चले गए थे और अब कांग्रेस का राज आया तो उसी अनुपात में बीआरएस के नेता पाला बदल कर कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। बहरहाल, अवसरवादी राजनीति एक अलग मसला है।अभी तात्कालिक मसला यह है कि बीआरएस छोड़ कर 10 विधायक कांग्रेस में शामिल हुए तो दलबदल विरोधी कानून के आधार पर क्यों नहीं उनकी सदस्यता समाप्त होनी चाहिए? इसमें कोई रॉकेट साइंस नहीं है। 2023 में हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 64 सीटें मिली थीं और बीआरएस को हिस्से में 39 सीटें आई थीं। दलबदल विरोधी कानून के तहत बीआरएस के टूटने के लिए कम से कम 26 विधायकों का एक साथ आना जरूरी है। अगर उससे कम विधायक टूटते हैं तो उनके ऊपर दलबदल विरोधी कानून लागू होता है और उनकी सदस्यता समाप्त होती है। हालांकि ऐसा नहीं है कि इससे कम विधायक चाहें तो नहीं टूट सकते हैं। वे टूट सकते हैं लेकिन तब उनको विधानसभा से इस्तीफा देना होगा और उनकी सीट पर उपचुनाव होगा। तेलंगाना में इस बेसिक सिद्धांत का उल्लंघन हो रहा है। बीआरएस के 10 विधायक घोषित रूप से कांग्रेस में शामिल हो गए हैं और बीआरएस की ओर से शिकायत के बावजूद स्पीकर उनको अयोग्य नहीं ठहरा रहे हैं। अब सुप्रीम कोर्ट ने स्पीकर के लिए तीन महीने की समय सीमा तय कर दी है। इस समय सीमा के अंदर उनको फैसला करना होगा। अगर वे बीआरएस से पाला बदलने वाले विधायकों को अयोग्य ठहराते हैं तो उनकी सीटें खाली होंगी और उपचुनाव होगा और अगर अयोग्य नहीं ठहराते हैं तो सुप्रीम कोर्ट में उनकी अयोग्यता पर सुनवाई होगी। तब यह देखना दिलचस्प होगा कि स्पीकर क्या तर्क देते हैं। यह सुनवाई बहुत दिलचस्प और आगे का रास्ता बनाने वाली हो सकती है। हो सकता है कि सुप्रीम कोर्ट हमेशा के लिए इस मामले को सुलझाए और ऐसे मामले में स्पीकर के फैसला करने के लिए एक समय सीमा तय कर दे। आखिर सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभाओं से पास विधेयकों पर फैसला करने के लिए राज्यपाल और यहां तक कि राष्ट्रपति के लिए भी एक समय सीमा तय की है। इसको लेकर विवाद चल रहा है और राष्ट्रपति ने अनुच्छेद 142 के तहत प्रेसिडेंशियल रेफरेंस सुप्रीम कोर्ट को भेजा है। परंतु तमिलनाडु सरकार बनाम राज्यपाल के मामले में दिया गया सुप्रीम कोर्ट का वह फैसला नजीर बन गया है। सो,संभव है कि विधायकों की अयोग्यता के मामले में सुप्रीम कोर्ट स्पीकर के लिए एक समय सीमा तय करे। हालांकि बेहतर यह होता कि सुप्रीम कोर्ट के ऑब्जर्वेशन के आधार पर संसद में इसे लेकर नया कानून बनता। आखिर अगर संविधान में किसी मसले पर चुप्पी है और चुप्पी का फायदा उठा कर संवैधानिक पदों पर बैठे लोग एक या दूसरे राजनीतिक दल को फायदा या नुकसान पहुंचाने का काम करते हैं तो उस पर कानून बनाने का काम तो संसद को ही करना होगा! ध्यान रहे संविधान में इसके लिए कोई समय सीमा नहीं निर्धारित की गई है। जैसे राज्यपालों के लिए कोई समय सीमा नहीं है कि वे कितने दिन के अंदर किसी विधेयक पर फैसला करेंगे वैसे ही स्पीकर के लिए समय सीमा तय नहीं है कि अयोग्यता की शिकायत पर वह कितने दिन में फैसला करेगा। इस लूपहोल का फायदा कई बार सत्तारूढ़ दल की ओर से नियुक्त स्पीकर उठा चुके हैं। झारखंड की पिछली विधानसभा में तीन विधायकों बाबूलाल मरांडी, बंधु तिर्की और प्रदीप यादव की अयोग्यता का मामला पूरे पांच साल तक लंबित रहा।इस विवाद की वजह से चार साल तक झारखंड विधानसभा में नेता विपक्ष ता पद खाली रहा क्योंकि भाजपा ने बाबूलाल मरांडी को विधायक दल का नेता चुना था, जबकि उनके खिलाफ अयोग्यता का मामला स्पीकर के पास लंबित था और वे उस पर फैसला नहीं कर रहे थे। क्या किसी सभ्य लोकतंत्र में ऐसी स्थिति की कल्पना की जा सकती है? महाराष्ट्र में भी स्पीकर ने शिव सेना के विधायकों की अयोग्यता का मामला लंबे समय तक लंबित रखा था। सुप्रीम कोर्ट की सख्त फटकार और निर्देश के बाद स्पीकर को फैसला करना पड़ा।इसी तरह संभव है कि तेलंगाना में भी सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन करते हुए स्पीकर तीन महीने के अंदर फैसला करें। परंतु यह स्थायी समाधान नहीं है। इस मामले में स्थायी समाधान की जरुरत है, जो संसद से निकले तो ज्यादा बेहतर है। संसद के लिए सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक अवसर है। सरकार को इसकी पहल करनी चाहिए कि वह कानून बना कर इस मसले को सुलझाए।

–अजीत द्विवेदी–

# आज से दो सौ वर्ष पहले खींचा गया था पहला फोटो



**प्रमोद दीक्षित मलय**
बांदा, उत्तरप्रदेश

हर व्यक्ति में रचनात्मकता होती है। इनमें जो सूझबूझ भरे, सजग और सक्रिय होते हैं वे अपने कार्यक्षेत्र में रचनात्मकता को नवाचार के विविध रूपों में प्रदर्शित करते हैं, वहीं कुछ व्यक्तियों के अवचेतन मन में यही रचनात्मकता बीज रूप में सुप्तावस्था में रहती है और उचित एवं अनुकूल परिवेश,प्रेरणा,पोषण एवं प्रोत्साहन प्राप्त कर कृति रूप में साकार होती है। मनस्थ रचनात्मकता को लोकजीवन में उद्घाटित-प्रकाशित करने के लिए विविध साधन एवं कला क्षेत्र माध्यम बनते हैं। लेखन, शिल्पकला,स्थापत्य, मूर्तिकला,चित्रकला,बागवानी, फोटोग्राफी,फिल्म एवं वृत्तचित्र निर्माण, संगीत,समाजोपयोगी कार्य,सेवा-साधना इत्यादिक क्षेत्रों में व्यक्ति की रचनात्मकता नवल आयाम के साथ प्रकट होती रही है। संवेदना, समानुभूति और कल्पना का साहचर्य प्राप्त कर रचनात्मकता जीवंत हो उठती है। फोटोग्राफी भी रचनात्मकता की ऐसी ही एक अनूठी आधुनिक उन्नत कला साधना है जहां एक फोटोग्राफर जगत् के सौंदर्य के साथ जीवन के सामंजस्य-वैमनस्य,संघर्ष-सह-अस्तित्व,हर्ष-विषाद,आशा-निराशा एवं कटु-माधुर्य दृश्यों को कैमरे के लेंस द्वारा न केवल देखता और सहेजता बल्कि लोक को जीवन दृष्टि का उपहार भी देता है। फोटोग्राफी ग्रीक शब्द फोस और ग्राफे से निकला है जिसका आशय है प्रकाश के माध्यम से चित्रण या लेखन करना। फोटोग्राफी का पहला पेटेंट 19 अगस्त, 1839 को हुआ था। इस दिन की स्मृति को संजोने के लिए आस्ट्रेलिया के एक उत्साही फोटोग्राफर ने अन्य 270 फोटोग्राफरों के साथ मिलकर 19 अगस्त, 2010 को एक आयोजन कर फोटो का दुनिया भर में प्रचार-प्रसार तथा साझा करने हेतु वैश्विक आयोजन की आधारशिला रखी। और उस दिन अपने फोटो संग्रह से चयनित कुछ फोटो को आनलाइन फोटो गैलरी में प्रदर्शित किया। दुनिया के 100 से अधिक देशों में फोटो गैलरी को देखा-सराहा एवं पसंद किया गया। नये विषयों और क्षेत्रों के फोटो की मांग भी आई। तब से यह आयोजन अबाधित अद्यावधि गतिमान है। ऐसे आयोजन से फोटोग्राफरों को अपने रचनात्मक कलात्मक फोटो के प्रदर्शन, परस्पर लेन-देन से पहचान मिली और फोटो विक्रय से आर्थिक सुदृढ़ता भी। आज के दिन स्कूल, कालेज, विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थाओं द्वारा फोटोग्राफी पर कार्यशालाएं, प्रतियोगिताएं, प्रश्नोत्तरी एवं फोटो के प्रदर्शन करने जैसे आयोजन किये जाते हैं। एक फोटो हजार शब्दों की व्याख्या है,अनुभूति है और सहज सम्प्रेषणीयता भी। विश्व फोटोग्राफी दिवस का उद्देश्य पूरी दुनिया के फोटोग्राफरों को अपनी कला एवं रचनात्मकता को प्रदर्शित करने, विश्व भर में साझा करने और फोटोग्राफी के महत्व को बढ़ावा देने के साथ आमजन को जागरूक करने हेतु एक बड़ा मंच और अवसर देता है।

विश्व का पहला फोटो आज से दो सौ वर्ष पूर्व सन् 1826 में जोसेफ निसेफोर नीप्से ने अपने मकान



की खिड़की से लिया था,जिसमें 8 घंटे लगे थे परंतु प्राप्त फोटो धुंधली और अस्पष्ट थी। व्यू फ्रॉम द विंडो एट ले ग्रास नामक यह फोटो आज ऐतिहासिक धरोहर है। फ्रांस के विज्ञानी जोसेफ नाइसफोर तथा लुई डॉग्यूरे ने 1837 में फोटोग्राफी की डॉग्यूरेटाईप प्रक्रिया का आविष्कार किया। इसमें तांबे की सीट पर चांदी की पतली परत का लेप लगाते थे,जिस पर कैमरे से व्यक्ति, वस्तु या दृश्य को पकड़ते थे। आगे फ्रेंच अकादमी ऑफ साइंसेज ने 9 जनवरी, 1839 को इसकी आधिकारिक घोषणा की तथा फ्रेंच सरकार ने 19 अगस्त, 1839 को इसका पेटेंट प्राप्त कर पूरी दुनिया के लिए मुफ्त सुलभ करा दिया। फोटोग्राफी के विकास में विज्ञानी अविराम नित नूतन प्रयोग करते रहे। वर्ष 1861 में स्काटलैंड के भौतिकशास्त्री जेम्स क्लर्क मैक्सवेल की त्रि-रंग विधि से थामस सटन ने लाल, हरा और नीले रंग की तीन प्लेटों का प्रयोग करके कैमरे से दुनिया की पहली रंगीन तस्वीर प्राप्त की। दो दशकों बाद फोटोग्राफी के इतिहास में एक क्रांतिकारी शोध हुआ जिसने न केवल फोटोग्राफरों का बोझ हल्का किया बल्कि फोटो खींचना भी अपेक्षाकृत सहज-सरल बना दिया। सन् 1884 में न्यूयार्क के जार्ज ईस्टमैन ने डाग्यूरे टाईप प्रक्रिया को परिष्कृत कर तांबे की प्लेट की जगह सूखी जेल की एक पतली पट्टी लगा दी,जिसे फिल्म कहा गया। अब फोटोग्राफरों को तांबे की प्लेटें और विषाक्त रसायनों का बोझ ढोने से मुक्ति मिली। इतना ही नहीं, आगे ईस्टमैन ने सन् 1888 में एक कोडक कैमरा भी विकसित किया, जिससे कोई भी व्यक्ति अब फोटो खींच सकता था। डिजिटल कैमरों के आने के पहले तक कोडक कैमरा और फिल्म रीलों का प्रयोग दुनिया भर में हो रहा था। भारत में फोटोग्राफी का आरंभ 19 वीं शताब्दी में अंग्रेजों की पहल से हो गया था। वर्ष 1880 में हैदराबाद निजाम के दरबारी फोटोग्राफर लाला दीनदयाल ने सास-बहू मंदिर का फोटो लिया था,यह किसी भारतीय द्वारा लिया गया पहला फोटो था। हालांकि इसके पूर्व फेलिस बीटो ने 1857 के युद्ध के फोटो लिए थे। सैमुअल बार्न ने 1863 में भारत में बार्न एंड शेफर्ड नामक फोटो स्टूडियो स्थापित किया था, उन्होंने भारत के स्थापत्य और वास्तुकला से सम्बंधित भवनों के फोटो लिए थे।

फोटोग्राफी दिवस पर प्रति वर्ष आयोजन की एक थीम होती है। वर्ष 2025 की थीम है-मेरी पसंदीदा फोटो। वर्ष की थीम पर पूरे विश्व में आयोजित होने वाले कार्यक्रम फोटोग्राफी के प्रति सामान्य जन को उसकी पहुंच से परिचित करा पर्यावरण जागरूकता,वैश्विक एकता, भुखमरी से मुक्ति, मानवीय संवेदना,निर्झर-गिरि-कानन, सर-सिंधु-सरिताओं के संरक्षण, स्वच्छता,अहिंसा,प्रेम,बंधुत्व,जीवन में नवाचारी प्रयासों एवं सांस्कृतिक वैविध्य के साथ ही मानवीय गरिमा को धूमिल-धूसर करते रंग,नस्ल, लिंग,हिंसा,युद्ध,बालश्रम,यौन अपराध,महिला दुर्व्यवहार जैसे ज्वलंत विभेदकारी मुद्दों के प्रति चेतना जगाने का कार्य करता है। यह दिन जीवनोपयोगी वन,डेल्टा, मरुस्थल,दलदल,ऐतिहासिक विरासत के किले,बावड़ी,मंदिर, पुल, बांध सहित लोक के महत्वपूर्ण दृश्यों का अंकन कर भावी पीढ़ी के हाथों में सौंप संरक्षण को प्रेरित करता है।

फोटोग्राफी कला लोक जीवन के इतिहास को न केवल सहेजती है बल्कि रचती भी है। निर्विवाद कह सकते हैं कि एक फोटो की सम्प्रेषणीयता शब्द और काल से परे होती है। उसकी व्यापकता, उपयोगिता एवं संदर्भशीलता दुनिया भर में धारणाओं और भावनाओं को नवल आकार देती है। फोटोग्राफी कला के आधार में धैर्य,संयम,सौंदर्यबोध, सूक्ष्मदृष्टि,कल्पना,संवेदनशीलता एवं साहस के सप्तरंग बिखरे हैं। फोटोग्राफी की राह में सुवासित सुमनों के परिमल पराग का सिंचन नहीं है अपितु चुनौतियों, बाधाओं, जोखिम एवं दुश्वारियों के कंटक बिछे हैं। एक फोटो के पीछे महीनों और कभी-कभी तो वर्षों की साधना छिपी होती है। इसीलिए फोटोग्राफी कला इतिहास, भूगोल, विज्ञान, शिल्प, संस्कृति एवं परम्परा की पहचान है। फोटोग्राफी की दो शताब्दी की यह जीवन यात्रा हमारे लिए प्रमुदित और प्रेरक है।

# उपहार अइशन हो जेन कामयाबी के निशैनी बनै



**लक्ष्मीनारायण सेन**
खुटेरी गरियाबंद (छ.ग.)

भंवरपुर नाम के एकठन गांव मा सुखवा नाम के एक मध्यम वर्गीय किसान रहय। सुखवा के गोसईन के नाम दुखवा रहय। दोनों प्राणी मिल के बढिया खेती किसानी ला करय। दोनों के मया ले एक झक सुग्घर बाबू लइका होते।अपन लइका के छट्ठी बरही करवाते अउ नाम संस्कार मा ओकर नाम शिव रखते। शिव के पढ़ई लिखई मा सुखवा अउ दुखवा हा कोनो किस्म के कमी नइ करय।

शहर मा जा के शिव हा पूरा एम बीए के पढ़ई ला पूरा करते।पढ़त पढ़त शिव हा सती नाम के एकझिन छोकरी संग मया कर बइठते।अब शिव अउ सती करे ता करे काए दोनों मोटियारा हा अपन मया के बंधना मा बंध जते। शिव हा परीक्षा सिराए के बाद अपन गांव अउ अपन दाई ददा के तीर मा आ जते। गांव मा आए के बाद शिव बर सुखवा हा एकठक किराना दुकान खोल के दे देते।

सुखवा अउ दुखवा हा अब विचार करे ला लागते की, अब हमर टुरा हा कामाए ला धरले हे अउ जवान होगे, ता एकर बिहाव ला अब कर देना चाहिए। दोनों प्राणी शिव ला अपन तीर मा बलाते अउ कहिते देख बेटा तंय हा अब जवान होगेस अब तोर हमन बिहाव करबो अउ कालि तोर बर छोकरी देखे बर जाबो।दाई ददा के अतका बात ला सुन शिव कहिते दाई ददा हो मंय हा एक झन सती नाम के टुरी ले मया करतो। तुमन के विचार हा हो जतिस ता मंय हा सती संग बिहाव करतेव।



शिव के बात ला सुन सुखवा हा कहिते तंय तो हमर छोकरी खोजे के पइसा ला बचा देस रे।फेर अतका बात हे बाबू तंय हा हममन ला ओ छोकरी के दाई ददा अउ ओकर घर द्वार ला देखाबे।दाई ददा के बात ला सून शिव कहिते ददा सती हा अनाथ आए,अउ अनाथालय हा ओकर घर द्वार आए। अतका बात ला सुन सुखवा के आंखी हा डबडबा जते। सुखवा हा अपन लइका ला कहिते मंय हा तोर पसंद के मान रखत हो बेटा, तंय हा ओ नोनी ला फोन कर हममन ओ नोनी ला पचीस अगस्त के तोर बर बिहाए ला जाबो।

ददा के गोठ ला शिव हा गदगद हो जते, अउ अपन मयारू सती ला फोन मा कहिते की, मोर दाई ददा हा तोला पसंद कर डरे हे, अउ तोला हमन पच्चीस अगस्त के बिहा के अपन घर लाबो। शिव के गोठ ला सुन सती के मन मा खुशी के लड्डू फूटे ला लागते। पचीस अगस्त के दिन सुखवा अउ दुखवा हा अपन बेटा बर सती ला बहू बिहा के अपन गांव भंवरपुर ले जते। अब चारों प्राणी सुग्घर ढंग ले रहय ला लगते।

सुखवा हा अपन बेटा बहू के सुवारथपन व्यवहार ला देख परेशान हो जत। सुखवा हा एक दिन बिलासपुर मा एकठन किस्त मा बने बनाए मकान लेते,जेकर आधा कीमत ला अपन पहली दे देते।घर मा अपन गोसईन दुखवा ला बताते मंय हा आज एक ठन बिलासपुर मा घर ले हो कहिके अतका ला सुन दुखवा हा खुश हो जते।

सुखवा ला पता रहय की अवैया पुन्नी मा शिव के जन्म दिन रहय। जन्म दिन मा सुखवा हा अपन बेटा बहू ला उपहार मा बिलासपुर के घर ला दे थे, सुखवा हा कहिते तुमन दोनों देवारी के बाद बिलासपुर मा रहिहौ।ससुर के गोठ ला सुन सती हा खुश हो जते,पर शिव कहिते नही ददा हमन गांवें मा ही रहिबो। नहीं अब तुमन हा शहर के नवा घर मा रहो। अपन आदमी के गोठ ला सुन के दुखवा के अकाबका नइ रहय। दुखवा हा सुखवा ला पुछते तंय हा तो जी शिव के पसंद ला अपन पसंद मान के शिव अउ सती के बिहाव ला करें हस,फेर काबर ओ मन ला बिलासपुर मा रहय ला कहत हस।गोसईन के गोठ ला सुन सुखवा हा कहिते,ये मन दूनो प्राणी उहां रहि मकान के किस्त अउ बिजली अउ नल के बिल पटाही तब समझ मा आही की पइसा के कीमत का होते।

शिव अउ सती हा बिलासपुर मा रहय ला लगते तब समझ मा आते की पल पल मा पइसा के जरूरत पड़ते अउ पइसा के का कीमत होते।शिव ला अब एक सौ एक प्रतिशत बात समझ मा आ जते कि, ददा हा मोला किस्त मा घर ले के उपहार मा काबर दिस।अब कम से कम मंय हा अपना परिवार ला तो अच्छा से चला सकतो, काकरो आघु मा मोला हाथ फैलाए के जरूरत नइ पड़े,आज मंय हा पूरा पूरा आत्मनिर्भर होगे हव ।

## कविता
## परीक्षा एक उत्सव है...

घटती-घटना



**कृष्णा चौहान**
बरमकेला,सारंगढ़, बिलाईगढ़,छत्तीसगढ़

परीक्षा एक उत्सव हैं*
परीक्षा एक उत्सव है,
और है त्योहार।
परीक्षा से नहीं घबराना है,
जीवन में आगे बढ़ना है।
मनपसंद विषय पढ़कर,
जीवन में सफल होना है।
शिक्षा ग्रहण करना है,
मंजिल को पाना है।
समस्याओं से क्या घबराना है,
आगे कदम बढ़ाना है।
पढ़ाई से नाता जोड़ना है,
खुशी-खुशी तैयारी करना है।
जिंदगी दो पल की है,
हर घड़ी परीक्षा है।
पढ़-लिखकर जीवन में,
सफलता प्राप्त करनी है।
हमेशा पॉजिटिव सोचना है,
तन मन से पढ़ाई करनी है।
कठिन परिश्रम करके,
माता-पिता का नाम रोशन करना है।

## कविता
## रीढ़ की हड्डी...

घटती-घटना



**चंद्रकांत खूंटे 'क्रांति'**
जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़

कृषक जन
देश के रीढ़ की हड्डी है
किंतु यह किसान ऋण में दबा है
जिसकी न कोई दवा है
न कोई इलाज
कोई घर में मर रहा है
तो कोई खेतों में लगाकर फांस
अन्य वस्तुओं के
दामों में हो गए
कई गुना बढ़ोतरी
इनके फसल को रोग लग रहे हैं
या मूसक काट दे रहा है जड़ी
रक्षा खातिर सजग प्रहरी बन
डटे रहते खेतों में
प्रचण्ड ग्रीष्म,वर्षा,शिशिर में
हर पल रहते सचेतो में
किंतु है,वह अब भी दरिद्र
जीवन बदहाल
उन पर किसी का ध्यान नही
रीढ़ की हड्डी दुर्बल,बुराहाल

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

# एनएचएम कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू,स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित

अंबिकापुर,18 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के आह्वान पर सरगुजा जिले में सोमवार से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के 630 से अधिक कर्मचारी संविलियन, स्थायीकरण और अन्य 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। हड़ताल के पहले दिन ही जिले की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होती नजर आईं। प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से मरीजों को उचित इलाज न मिलने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया जा रहा है, जिससे मेडिकल कॉलेज पर दबाव बढ़ गया है। एनएचएम के अंतर्गत कार्यरत डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ, फार्मासिस्ट, आरएमए, एएनएम, लैब टेक्नीशियन सहित कई संविदा कर्मचारी हड़ताल पर हैं। इसके चलते सोमवार सुबह से ही सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में अव्यवस्था का माहौल बन गया। मरीजों की लंबी कतारें, इलाज के लिए इंतजार और डॉक्टरों की कमी से लोगों को भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। एनएचएम कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि उनकी मांगें काफी समय से लंबित हैं। इसके पूर्व उन्होंने चरणबद्ध तरीके



से विरोध दर्ज कराते हुए दो दिवसीय कार्य बहिष्कार और विधानसभा घेराव जैसे शांतिपूर्ण आंदोलन किए थे। बावजूद इसके, सरकार की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई। संघ ने 15 अगस्त तक की समयसीमा देकर अंतिम चेतावनी दी थी। मांगें पूरी न होने पर अब वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। संघ की प्रदेश अध्यक्ष शिल्फी राय ने सरकार पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि बार-बार आश्वासन के बावजूद कर्मचारियों की मांगों पर कोई गंभीरता नहीं दिखाई गई। उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही के चलते स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा रही हैं और इस स्थिति की जिम्मेदार केवल सरकार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक सरकार ठोस निर्णय नहीं लेती, हड़ताल जारी रहेगी। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) प्रेम सिंह मार्को ने कहा कि एनएचएम कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने के बाद वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। नियमित कर्मचारियों और परिवीक्षा अवधि के कर्मचारियों को ड्यूटी पर लगाया गया है। उन्होंने कहा कि हड़ताल के पहले दिन स्वास्थ्य सेवाओं पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा है। हालांकि, अस्पतालों में बढ़ती भीड़ और इलाज की धीमी प्रक्रिया स्थिति की गंभीरता को उजागर कर रही है।

## राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित



-संवाददाता-
अंबिकापुर,18 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर में सत्र 2025-26 के स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ (इंडक्शन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिक निगम अंबिकापुर की महापौर मंजूषा भगत रहीं। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि यह केवल पढ़ाई की शुरुआत नहीं, बल्कि नई संभावनाओं और सोच की दिशा में पहला कदम है। कार्यक्रम में सरगुजा संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि विकास कुमार वर्मा ने अपने छात्र जीवन की स्मृतियां साझा कीं तथा इंडक्शन कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला।अंबिकापुर विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि मनोज अग्रवाल ने महाविद्यालय को क्षेत्र की शिक्षा का अग्रणी केंद्र बताया और विधायक द्वारा सुविधाओं के विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. स्नेहलता श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण दिया, वहीं आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. अनिल सिन्हा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। डॉ. राजकमल मिश्रा, डॉ. एसएन पांडेय और डॉ. कामिनी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, सीबीसीएस प्रणाली, प्रयोगशालाओं व संसाधनों की जानकारी दी। ग्रंथपाल चमन कुमार ने पुस्तकालय व ऑनलाइन शिक्षण प्रणाली पर प्रकाश डाला। बीकॉम, बीएससी, बीसीए व बीए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम से परिचित कराया गया। कार्यक्रम में सभी छात्रों को तिलक एवं मिष्ठान से स्वागत किया गया। संचालन डॉ. उमेश पांडेय तथा आभार प्रदर्शन डॉ. दीपक सिंह ने किया।

## 80 नग नशीले इंजेक्शन के साथ आरोपी गिरफ्तार

-संवाददाता-
अंबिकापुर,18 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।



आबकारी विभाग के संभागीय उडनदस्ता टीम ने सरगांवा पैलेस के समीप छापेमारी कर 80 नग नशीले इंजेक्शन के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को 18 अगस्त की रात को मुखबिर से जानकारी मिली की राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम आरा निवासी हबीब अंसारी किसी ग्राहक को माल सप्लाई करने के लिए सरगांवा पैलेस रोड अंबिकापुर के पास अपनी बाइक सीजी 15 सीवाई 9707 के साथ इंतजार कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर संदेही को हिरासत में लिया। टीम ने बाइक में टंगे झोले की तलाशी ली तो 40 नग रेक्सोजेसिक 40 एवील इंजेक्शन पाया गया। जिसे टीम ने जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। टीम ने आरोपी हबीब अंसारी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिलकर दिया है।

## पड़ोस में कृष्ण जनामष्ठमी देखने गई महिला के घर में चोरी

-संवाददाता-
अंबिकापुर,18 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

गांधीनगर थाना क्षेत्र में चोरी की वारदात सामने आई है। 16 अगस्त की शाम को महिला अपने घर के दरवाजे का कुंडी लगाकर पड़ोस में कृष्ण जनामष्ठमी देखने गई थी। इधर चोरों ने घर में घुसकर अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात पार कर दिया है। महिला का पति मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार विशाल विश्वास पिताा कबिर विश्वास ग्राम सरगवां मझलीपारा थाना गांधीनगर का रहने वाला है। वह पुलिस को बताया है कि 16 अगस्त को वह खेत में काम करने गया था। मां इलाज कराने अस्पताल गई थी। घर में पत्नी थी जो शाम करीब 5 बजे दरवाजे में कुंडी लगाकर पड़ोस में कृष्ण जनामष्ठमी देखने गई थी। आधे घंटे बाद वापस लौटी तो घर के अंदर का सामान बिखरा पडा था। अलमारी में रखे 2 नग मंगलसूत्र , 1 कान का झुमका, 2 नग कान का फूल, चांदी का कटोरी व चम्मच नहीं थे। विशाल विश्वास की रिपोर्ट पर गांधीनगर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन



-संवाददाता-
अंबिकापुर,18 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के अंतर्गत संचालित राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, अंबिकापुर सहित शंकरगढ़ और प्रतापपुर के महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ समारोह 18 अगस्त से 8 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन 18 अगस्त को हुआ, जिसमें कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने हाइब्रिड मोड में विद्यार्थियों को संबोधित किया। रायपुर की अधिष्ठाता डॉ. आरती गुहे ने शुभकामनाएं दीं। अंबिकापुर में प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. नीलम चौकसे, डॉ. एके सिंह, डॉ. पीएस राठिया व डॉ. केएल पैंकरा सहित अन्य वरिष्ठ शिक्षकों की उपस्थिति में माता सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम, डिग्री, डिप्लोमा और शोध की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने अनुशासन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शोध और खेल गतिविधियों में भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापकों ने भी छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

## नगर सैनिकों की भर्ती के सम्बन्ध में परिणाम जारी

-संवाददाता-
अंबिकापुर,18 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

नगर सेना विभाग के 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों की भर्ती कार्यवाही गई है। जिसका परिणाम 08 अगस्त 2025 को जारी किया गया है। उक्त भर्ती परिणाम विभागीय वेबसाईट https://www.cghgcd.gov.in एवं https://firenoc.cg.gov.in में अपलोड किया गया है।

## गतका स्टेट लेवल चैंपियनशिप में सरगुजा के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

-संवाददाता-
अंबिकापुर,18 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।




दूसरी सब-जूनियर,जूनियर एवं सीनियर गतका स्टेट लेवल चैंपियनशिप 2025 का आयोजन दुर्ग जिले में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग से कुल 14 खिलाड़ियों ने भाग लिया और बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कुल 8 पदक जीतकर संभाग का मान बढ़ाया। टीम इवेंट में नूर फातिमा, अलका और सुष्मिता ने कांस्य पदक हासिल किया, वहीं दूसरी टीम से शिव रतन, संजय और अमन ने भी कांस्य पदक अपने नाम किया। व्यक्तिगत श्रेणी में ऋषभ कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। इसके अतिरिक्त सुजाता, सरिता, कशिश, सिमरन, ललिता, राजवीर एवं पुष्पेंद्र ने भी बेहतरीन खेल दिखाकर सरगुजा की प्रतिभा को मंच पर प्रस्तुत किया। कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा संभाग के खिलाड़ी लगातार गतका खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं और राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। प्रतियोगिता में कोच एवं मैनेजर के रूप में राजेश प्रताप सिंह, कृष्ण एक्का और रजत सिंह ने खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया। इस उपलब्धि पर निशांत सिंह गोल्डी, गौरव सिंह, सौरभ सिन्हा एवं सुनैना जायसवाल ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## कलेक्ट्रेट में आयोजित जनदर्शन में सुनी गईं आम नागरिकों की समस्याएं,कलेक्टर ने दिए त्वरित समाधान के निर्देश

-संवाददाता-
अंबिकापुर,18 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज जनदर्शन का आयोजन किया गया, जिसमें कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने आम नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और मांगों को गंभीरता से सुना। जनदर्शन में बड़ी संख्या में आमजन अपनी व्यक्तिगत, पारिवारिक, भूमि संबंधी एवं शासकीय कार्यों से जुड़ी शिकायतों को लेकर पहुंचे थे।

जनदर्शन में राजस्व विभाग से संबंधित फौती नामांतरण, बटवारा, त्रुटि सुधार, वन अधिकार पत्र, पीडीएस भवन, जन्म प्रमाण, जैसे कई मामलों को लेकर आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री भोसकर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित जांच और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने अधिकारियों को निर्देशित



किया कि जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा समाधान की सूचना आवेदकों को समयसीमा में दें। उन्होंने कहा कि जनदर्शन आम जनता और प्रशासन के बीच संवाद का माध्यम है, जिससे शासन की योजनाओं और सेवाओं की पहुंच जन-जन तक सुनिश्चित की जा सके। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक, श्री अमृत लाल ध्रुव, श्री रामसिंह ठाकुर, नगर निगम आयुक्त श्री डी.एन. कश्यप सर्व एसडीएम सहित प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

## पुलिस ने शादीशुदा महिला का शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

### पीड़िता के दो माह के गर्भवती होने पर दवाई खिलाकर कराया गर्भपात।

-संवाददाता-
बलरामपुर,18 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के थाना अंतर्गत आने वाले गणेश मोड़ चौकी क्षेत्र के रहने वाले आरोपी जीवन कुजूर पिता अमोद कुजूर जाति उरांव निवासी गाम बसकेपी चौकी गणेश मोड़. को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। प्रार्थिया/पीड़िताके द्वारा बलरामपुर थाने में उपस्थित होकर एक लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसका पति कार्य करने के लिए अक्सर बाहर जाते है, तथा 3 से 4 महीने बाद ही वापस घर आता है । इसी बीच उसका पडोसी आरोपी जीवन कुजूर पिता अमोद कुजूर जाति उरांव निवासी गाम बसकेपी गणेश मोड़ चौकी,थाना बलरामपुर द्वारा पीडिता/प्रार्थिया के घर जाकर शादी करूंगा कहकर झांसा देकर पीडिता का शारीरिक शोषण (बलात्कार) किया जाता रहा है,जिससे पीडिता 2 माह के गर्भ से हो गई। जब आरोपी जीवन कुजूर यह बात मालूम हुई तो आरोपी जीवन कुजूर के द्वारा पीड़िता को कुछ दवाई खिलाया गया। पीड़िता के द्वारा कहा गया है की आरोपी के द्वारा दिया



गया दवाई खाने के बाद खराब पीडिता का स्वास्थ्य खराब होने पर ईलाज के दौरान उसके पति के आने पर. घटना के बारे में जानकारी देने पर रिपोर्ट दर्ज कराया गया हैं। पुलिस ने प्रार्थी कि रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ थाना बलरामपुर में अपराध क्र 112/2025 धारा 69,89 बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन पर चौकी प्रभारी गणेशमोड द्वारा हमराह स्टाप के साथ रवाना होकर त्वरित कार्यवाही करते हुये आरोपी जीवन कुजूर पिता अमोद कुजूर उम्र 27 वर्ष सा. बसकेपी चौकी गणेशमोड़ को उसके सकुनत से विधिवत हिरासत में लेकर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया ।

## पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हंगामा करने वाले आरोपी शराबी शिक्षक को भेजा जेल की हवा खाने

-संवाददाता-
शंकरगढ़,18 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ पुलिस ने नशे में धुत होकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर एवं स्टाफ के साथ अमर्यादित व्यवहार करने वाले शराबी शिक्षक को गिरफ्तार कर भेजा सलाखों के पीछे। जानकारी के अनुसार आरोपी - प्रबोध एक्का पिता सैलूस एक्का 40 वर्ष सा. तलासिली सोनक्यारी थाना आस्ता जिला जशपुर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेहड़ा में शिक्षक हैं। प्रार्थी डां.आफताब अंसारी पिता इतेखाब अंसारी उम्र 38 वर्ष सा. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 15 /08/2025 के शाम करीब 19:30 बजे आरोपी प्रबोध एक्का के द्वारा शराब के नशे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ में आकर डॉक्टर एवं स्टाफ को गंदी-गंदी,गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए शासकीय सेवकों (डॉ. एवं अन्य स्टाफ) से मारपीट एवं शासकीय संपत्ति को तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया था। एवम शासकीय सेवको को भयभीत करते हुए शासकीय कार्य बाधा उत्पन्न की गई थी।

## रेंड नदी में घरेलू कार्य हेतु रेत लेने पहुंचे ट्रैक्टर चालकों को जेल भेजने और कार्रवाई की धमकी देकर अधिकारियो ने रामगढ़ में भिजवाया रेत मिट्टी धुलाई का कार्य भी कराया गया

-संवाददाता-
लखनपुर,18 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले में लंबे समय से रेत माफिया सक्रिय है अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर अधिकारियों के द्वारा करवाई तो नहीं किया जाता है लेकिन घरेलू कार्य के लिए रेत लेने नदी पहुंचे ट्रैक्टर चालकों को जेल भेजने ओर कार्रवाई की धमकी देकर जबरन आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टर वाहनों में रेत भरकर रामगढ़ पहुंचवाया गया यही नहीं मिट्टी धुलाई के कार्य में उन ग्रामीणों से कराया गया जो आज जन चर्चा का विषय बना हुआ है। जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। दरअसल पूरा मामला सरगुजा जिले के उदयपुर का है जहां नदी में घरेलू कार्य के लिए रेत लेने पहुंचे ट्रैक्टर चालकों और ग्रामीणों को उदयपुर एसडीएम ने जेल भेजने और कार्रवाई की धमकी देते हुए ट्रैक्टरों में रेत भरकर रामगढ़ मंदिर में पहुंचवाया गया है तो यही नहीं उन ट्रैक्टर चालकों से मिट्टी ढुलाई का कार्य भी लिया गया। अधिकारियों के द्वारा ट्रैक्टर चला चालकों और मजदूरों को पैसा भी नहीं दिया गया और किसी को बताने पर कार्रवाई की धमकी दी है जिसे लेकर ट्रैक्टर चालकों और ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। गौरतलब है कि रेत माफिया रेंड नदी जजगा, जजगी, चैनपुर, कवल गिरी, तराजू, जमगला, कोरजा सहित अन्य घाटों से रेंड जेसीबी मशीन पोकलेन के माध्यम से प्रतिदिन अवैध उत्खनन कर सैकड़ो वाहनों परिवहन किया जाता है परंतु इन अधिकारियों की हिम्मत नहीं होती है कि इन रेत माफियाओं पर कार्रवाई कर सकें सरगुजा जिला आदिवासी क्षेत्र होने से यहां के लोग भोले भाले हैं जिन्हें डरा धमकाकर कर अधिकारी अपना कार्य कर लेते हैं।

## 845 नव पदोन्नत प्राचार्यों के पदांकन हेतु 20 से 23 अगस्त तक रायपुर में ओपन काउंसिलिंग

-संवाददाता-
अंबिकापुर,18 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्राचार्य (टी-संवर्ग) के पदोन्नति आदेश जारी कर दिए गए हैं। इन पदोन्नत प्राचार्यों के पदांकन हेतु ओपन काउंसिलिंग का आयोजन 20 अगस्त से 23 अगस्त 2025 तक शासकीय शिक्षा महाविद्यालय परिसर, शंकर नगर रायपुर में किया जाएगा। इस काउंसिलिंग में कुल 845 नव पदोन्नत प्राचार्य शामिल होंगे। काउंसिलिंग का समय प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से निर्धारित है। प्रत्येक दिन प्रथम पाली में 150 और द्वितीय पाली में 150 इस प्रकार प्रत्येक दिन कुल 300 अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग में शामिल किया जाएगा। काउंसिलिंग की तिथि एवं समय की जानकारी पदोन्नत प्राचार्यों की सूची तथा रिक्त पदों की सूची स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट https://eduportal.cg.nic.in/पर उपलब्ध कराई गई है। काउंसिलिंग प्रक्रिया में प्राथमिकता का निर्धारण वरिष्ठता और नियमावली के अनुसार किया जाएगा। व्याख्याता, व्याख्याता एल.बी., प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला के पदोन्नति आदेश के लिए काउंसिलिंग हेतु प्राथमिकता निर्धारण (प्रथम चार का क्रम निर्धारण) व्याख्याता, व्याख्याता (एल.बी.), प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला की वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति आदेश के सरल क्रमांक के अनुसार एक अनुपातिक सूची (व्याख्याता, व्याख्याता (एल.बी.) प्रधान पाठक (माध्यमिक शाला) 2:1:1 में तैयार की गई है। उपरोक्त अनुपात भर्ती तथा पदोन्नति नियम के अनुसार व्याख्याता 65 प्रतिशत (व्याख्याता 70 प्रतिशत तथा व्याख्याता एल.बी. का कोटा 30 प्रतिशत है) जबकि प्रधान पाठक (मा.शाला) 25 प्रतिशत के आधार पर निर्धारित है। सर्वप्रथम एक वर्ष से कम अवधि के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले व्याख्याता,व्याख्याता एल.बी., प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला को वरिष्ठता के आधार पर संस्था चयन हेतु प्राथमिकता दी जाएगी।


## आवश्यकता है

दैनिक समाचार पत्र में कार्य करने हेतु निम्न पदों के लिए योग्य कर्मठ,जुझारू,महिला/पुरूष की आवश्यकता है।

| स.क्र. | पद | संख्या | वेतन |
|---|---|---|---|
| 01 | सह संपादक | 1 पद | 10,000 से 15,000 |
| 02 | समाचार संपादक | 1 पद | 10,000 से 15,000 |
| 03 | प्रबंध संपादक | 1 पद | 10,000 से 15,000 |
| 04 | विज्ञापन प्रभारी | 2 पद | 10,000 से 15,000 |
| 05 | ब्यूरो चीफ | 1 पद | 10,000 से 15,000 |
| 06 | संवाददाता | 2 पद | 8000 से 12,000 |

नोट:- आवेदक फोन पर संपर्क ना करें। स्वयं बायोडाटा के के साथ कार्यालय में संपर्क करें।

पता :- कार्यालय दैनिक समाचार पत्र घटती-घटना शनि मंदिर के पास,नमनाकला,अम्बिकापुर छत्तीसगढ़, मो0नं0 - 98265-32611

# दीर्घकालिक सीजफायर पर बात करेंगे इस्राइल-अमेरिका,लेबनान बोला-हिजबुल्ला हथियार डालेगा

**बेयरूत,18 जुलाई 2025।** अमेरिका के विशेष दूत टॉम बैरक ने कहा है कि उनकी टीम इस्राइल के साथ लंबी अवधि के लिए संघर्ष विराम पर बातचीत करेगी। यह कदम लेबनान द्वारा हिजबुल्ला को हथियार छोड़ने के अमेरिकी समर्थित योजना को मंजूरी देने के बाद आया है। बैरक ने लेबनानी राष्ट्रपति जोसेफ औन से मुलाकात के बाद यह जानकारी दी। अमेरिका अब युद्ध के बाद देश की आर्थिक पुनर्निर्माण योजना पर भी ध्यान केंद्रित करेगा। बैरेक ने कहा कि लेबनानी सरकार ने अपना काम पूरा कर लिया है और अब इस्राइल की ओर से भी समान कदम उठाने की आवश्यकता है। इस बीच, हिजबुल्ला और उसके सहयोगी समूह इससे नाराज हैं। उनका कहना है कि इस्राइल को पहले



दक्षिण लेबनान में कब्जा किए पांच पहाड़ी क्षेत्रों से पीछे हटना चाहिए और लगातार होने वाली हवाई हमलों को बंद करना चाहिए। हिजबुल्ला के महासचिव नैम कासेम ने हथियार छोड़ने के प्रयासों का विरोध किया है, जिससे देश में गृह संघर्ष का खतरा बढ़ गया है।

**लेबनानी सरकार की योजना और तैयारी :** राष्ट्रपति औन और प्रधानमंत्री नवाफ सलाम हिजबुल्ला और अन्य गैर-राज्य सशस्त्र समूहों को हथियार छोड़ने के पक्ष में हैं। उन्होंने इस्राइल से हमलों को रोकने और अपने देश से पीछे हटने की मांग की है। औन ने लेबनानी सेना के लिए फंड बढ़ाने की योजना भी बनाई है, ताकि सेना की क्षमता मजबूत हो सके। इसके अलावा, वह अंतरराष्ट्रीय दाताओं से धन जुटाकर देश के पुनर्निर्माण की योजना पर भी काम कर रहे हैं।

**आर्थिक नुकसान और चुनौती :** विश्व बैंक के अनुमान के अनुसार, हिजबुल्ला और इस्राइल के बीच 2024 के युद्ध में लेबनान को लगभग 11.1 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ। देश के दक्षिणी और पूर्वी हिस्सों में भारी तबाही हुई। इसके साथ ही, 2019 से चल रही आर्थिक मंदी ने लेबनान को गंभीर संकट में डाल दिया है। युद्ध और आर्थिक संकट ने नागरिकों की जिंदगी मुश्किल बना दी है और तत्काल राहत की आवश्यकता है।

**अमेरिका की भूमिका और भविष्य की रणनीति :** बैरक ने हिजबुल्ला को चेतावनी दी है कि यदि वह हथियार छोड़ने के प्रयासों का समर्थन नहीं करता है तो यह अवसर खो जाएगा। अमेरिका लेबनान में स्थायी शांति और विकास की दिशा में काम करने के लिए आर्थिक प्रस्ताव पर भी विचार कर रहा है। बैरक की योजना में इस्राइल के साथ समन्वय करना और युद्ध-विराम का पालन कराना शामिल है। इसके अलावा, बैरक जल्द ही प्रधानमंत्री सलाम और स्पीकर नबिह बेरी से भी मुलाकात करेंगे, जो अक्सर हिजबुल्ला के पक्ष से अमेरिकी अधिकारियों के साथ बातचीत करते हैं।

**देश और क्षेत्र में शांति की आशा :** लेबनान सरकार का उद्देश्य देश में शांति बहाल करना और गैर-राज्य सशस्त्र समूहों को नियंत्रित करना है। हथियार छोड़ने और पुनर्निर्माण के प्रयासों से नागरिकों की सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता में सुधार की उम्मीद है।

## अफगानिस्तान पर ईरान की कार्रवाई, बिना दस्तावेज रह रहे 20 लाख अफगानी प्रवासी तेहरान से होंगे निर्वासित

**तेहरान,18 जुलाई 2025।** अफगानिस्तान पर ईरान ने बड़ी कार्रवाई की है। ईरान ने बिना कानूनी दस्तावेज के देश में रह रहे 20 लाख अफगानी प्रवासियों को निर्वासित करने की योजना की घोषणा की है। ईरान ने कहा कि निर्वासन प्रक्रिया कानून के तहत और मानवीय गरिमा के सम्मान के साथ की जाएगी। ईरान के गृह मंत्री एस्कंदर मोमेनी ने कहा कि जिन अफगान नागरिकों के पास कानूनी दस्तावेज नहीं हैं, उन्हें वापस भेजने के लिए एक नया कार्यक्रम चल रहा है। मोमेनी ने कहा कि लगभग 20 लाख अफगान नागरिकों को उनके देश वापस भेजा जाएगा। पहले चरण में उन अफगानी प्रवासियों पर ध्यान दिया जाएगा जो बिना उचित कानूनी अनुमति के ईरान में प्रवेश कर गए हैं। इतने बड़े समुदाय के प्रबंधन के लिए सहयोग की आवश्यकता है। मौजूदा समय में 60 लाख से अधिक अफगानी ईरान में रहते हैं। मंत्री ने कहा कि इस कदम को अप्रवासियों को निशाना बनाने के रूप में गलत नहीं समझा जाना चाहिए। यह पहल अप्रवासी-विरोधी नहीं है। हर देश के विदेशी नागरिकों से संबंधित अपने कानून और नियम होते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रवासन संगठन इस प्रक्रिया की निगरानी करेगा। वह सुनिश्चित करेगा कि सभी वापसी कानूनी प्रक्रियाओं के माध्यम से और मानवीय गरिमा के सम्मान के साथ की जाए। उन्होंने कहा कि अधिकांश अफगान नागरिकों के खुरासान रज़ावी सीमा के रास्ते जाने की उम्मीद है, जो दोनों देशों के बीच एक लंबे समय से चली आ रही सीमा है। इससे पहले पाकिस्तान ने अफगान प्रवासियों के लिए निर्वासन अभियान शुरू किया था। हाल ही में 11 अगस्त को लगभग 300 परिवारों और 350 कैदियों को एक ही दिन में तोरखम सीमा के रास्ते जबरन निर्वासित कर दिया गया। तोरखम में प्रवासी परिवहन प्रमुख बख्त जमाल गोहर ने कहा कि पाकिस्तानी पक्ष ने हमें 350 कैदी सौंपे हैं।

# हिंदू कुश हिमालय पर मंडराया संकट

## सम्मेलन में नेपाल के राष्ट्रपति ने मांगा सहयोग

**काठमांडू,18 जुलाई 2025।** काठमांडू में सोमवार को नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने कहा कि हिंदू कुश हिमालय क्षेत्र जलवायु परिवर्तन, जैवविविधता की हानि और वायु प्रदूषण जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन संकटों से निपटने के लिए क्षेत्रीय सहयोग ही एकमात्र रास्ता है। राष्ट्रपति पौडेल ने दो दिवसीय हिंदू कुश हिमालय सांसद सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए इसे भविष्य के लिए मजबूत रोडमैप और साझा प्रतिबद्धता की शुरुआत बताया। इस उच्चस्तरीय सम्मेलन में अफगानिस्तान से लेकर म्यांमार तक फैले 3,500 किलोमीटर लंबे हिंदू कुश हिमालय क्षेत्र के करीब 200 प्रतिनिधि जुटे। इनमें सांसद, नीति निर्माता, पर्यावरण वैज्ञानिक, जलवायु विशेषज्ञ और मीडिया प्रतिनिधि शामिल थे। उद्देश्य था आपसी सहयोग से जलवायु संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों का हल निकालना। राष्ट्रपति पौडेल ने कहा कि सांसदों का सहयोग, दूरदर्शिता और एकजुटता इन संकटों से निपटने के लिए बेहद जरूरी है।

**सीमापार खतरों पर चिंता :** अंतरराष्ट्रीय संस्था आईसीआईएमओडी के महानिदेशक पेमा ग्यात्सो ने बताया कि हिंदू कुश हिमालय बहु-खतरों का केंद्र बनता जा रहा है। यहां भौगोलिक, जलविज्ञानी और जलवायु संबंधी जोखिम तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने चिंता जताई कि पहाड़ी पारिस्थितिक तंत्र वैश्विक स्तर पर कम प्रतिनिधित्व पाते हैं। अंतरराष्ट्रीय जलवायु नीतियां और योजनाएं अक्सर इन क्षेत्रों की चुनौतियों को नजरअंदाज कर देती हैं, जिससे इनके संरक्षण और विकास पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता।

**सहयोग पर जोर :** संसद की कृषि, सहकारिता और प्राकृतिक संसाधन समिति की



अध्यक्ष कुसुम देवी थापा ने कहा कि इस संकट से निपटने के लिए विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका का सहयोग जरूरी है। इसके साथ ही मीडिया, वैज्ञानिक समुदाय और विकास भागीदारों की भूमिका भी अहम है। नेपाल के विदेश मंत्री अर्जुना राणा देउबा, पर्यावरण मंत्री ऐन बहादुर शाही ठाकुरी और सांसद बीर बहादुर बलायर ने भी क्षेत्रीय सहयोग और उच्च राजनीतिक इच्छाशक्ति की आवश्यकता पर बल दिया।

**चर्चाएं और नतीजे :** बैठक में तीन पैनल चर्चाएं हुई जैवविविधता संरक्षण, हिंदू कुश हिमालय का भविष्य और जलवायु आपदाओं से निपटने में सांसदों की भूमिका। विशेषज्ञों ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव केवल आपदाओं तक सीमित नहीं हैं। इससे जैवविविधता खत्म हो रही है, पारिस्थितिकी तंत्र कमजोर हो रहा है, पानी की कमी बढ़ रही है और ऊंचे पहाड़ी इलाकों में रहने वाले समुदायों पर सामाजिक-आर्थिक संकट गहराता जा रहा है।

## पीड़ित अनुसूचित जाति परिवार ने पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप, कहा-'प्रभावशाली आरोपी फंसा सकते हैं झूठे केस में'

-संवाददाता-

**सूरजपुर,18 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** अनुसूचित जाति वर्ग के दो ग्रामीणों ने गांव के तीन प्रभावशाली व्यक्तियों पर जातिगत गाली-गलौज,धमकी और जबरन वसूली का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत दी थी, लेकिन शिकायत दर्ज हुए एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे पीड़ित परिवार में भय और आक्रोश व्याप्त है। पीड़ित सम्पत्ती सारथी (58) और अंगीरा सारथी (34), निवासी ग्राम कमलपुर,ने आरोप लगाया है कि उन्होंने अपनी पैतृक भूमि वर्ष 2024 में विक्रय की थी। जमीन खरीददार से किसी तरह का विवाद नहीं था, लेकिन बाद में गांव के ही शुभम अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल और बाबूलाल अग्रवाल ने उक्त भूमि को गोचर भूमि बताकर पहले खरीददार को,फिर पीड़ितों को धमकाना शुरू कर दिया। आरोप है कि 8 अगस्त 2025 को तीनों आरोपियों ने गांव के सामने पीड़ितों को उनकी जाति का नाम लेकर अश्लील और जातिसूचक गालियां दीं,मारपीट की धमकी दी,और 5 लाख की मांग करते हुए कहा कि रकम नहीं देने पर उन्हें झूठे केस में फंसा देंगे तथा उनकी जमीन सरकारी घोषित करवा देंगे। पीड़ितों का कहना है कि वे गरीब और अनुसूचित जाति वर्ग (घसिया) से आते हैं,जबकि आरोपी प्रभावशाली और पूंजीपति वर्ग के राजनीतिक लोग हैं। ऐसे में उन्हें डर है कि आरोपी किसी भी तरह से उन्हें झूठे आपराधिक मामले में फंसा सकते हैं। पीड़ित पक्ष ने पुलिस प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि शिकायत के बावजूद अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है, जिससे न्याय की उम्मीद क्षीण हो रही है। उन्होंने उच्च अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग की है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

- थाना लुन्ड्रा पुलिस टीम द्वारा मामले मे आरोपी के विरुद्ध की गई कार्यवाही।
- आरोपी द्वारा पीड़िता कों बहला फुसला कर दुष्कर्म की घटना कारित कि गई थी।
- नाबालिग सम्बन्धी अपराधों मे पुलिस टीम द्वारा की जा रही त्वरित कार्यवाही।

मामले का संछिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि प्रार्थी दिनांक 17/08/25 को थाना लुन्ड्रा आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि घटना दिनांक 16/08/25 कों प्रार्थी की नाबालिग लड़की साप्ताहिक बाजार मे सामान लेने गयी थी, जो शाम रात तक वापस नहीं आई थी, जो अगले दिन सुबह घर वापस आकर बताई कि झेराडीह थाना लुन्ड्रा निवासी दिनेश राम पीड़िता कों बहला फुसला कर ले जाकर जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया है।मामले मे प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना लुन्ड्रा मे अपराध क्रमांक 162/25 धारा 137(2),65 (1) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी का पता तलाश कर पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम दिनेश राम आत्मज अर्जुन उम्र 22 वर्ष साकिन झेराडीह परसापारा थाना लुन्ड्रा का होंना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया, प्रकरण सदर मे पॉक्सो एक्ट की धारा 5(ठ),6 जोड़कर मामले के आरोपी कों गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है।

# डिजिटल क्रॉप सर्वे का निरीक्षण करने ग्राम सोनपुर पहुंचे कलेक्टर

## ऑनलाइन गिरदावरी से होगा फसल और भूमि का पारदर्शी आकलन





-संवाददाता-

**अंबिकापुर,18 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** राज्य शासन द्वारा इस वर्ष से प्रारम्भ की गई डिजिटल क्रॉप सर्वे (डीसीएस) यानी ऑनलाइन गिरदावरी अब गांव-गांव में गति पकड़ रही है। इसी कड़ी में आज कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने अम्बिकापुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सोनपुर, का दौरा कर वहां चल रहे सर्वे कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वेयरों द्वारा किए जा रहे ऑनलाइन कार्यों का अवलोकन किया और उनकी कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस मौके पर अपर कलेक्टर श्री सुनील नायक, एसडीएम श्री फागेश सिन्हा, तहसीलदार श्री उमेश्वर सिंह बाज सहित प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री भोसकर ने बताया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे ग्रामीण प्रशासन और किसानों दोनों के लिए एक बड़ी तकनीकी क्रांति है, इससे फसल की स्थिति और भूमि के उपयोग का सटीक आकलन किया जा सकेगा। अब किसानों को अपनी भूमि से जुड़ी जानकारी या फसल गिरदावरी से संबंधित अभिलेख प्राप्त करने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा, क्योंकि सबकुछ ऑनलाइन दर्ज और उपलब्ध होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सर्वे कार्य समय-सीमा में पूरा किया जाए और उसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। साथ ही किसानों की फसल और भूमि की जानकारी का सही-सही आंकलन सुनिश्चित किया जाए ताकि आगे चलकर फसल बीमा, ऋण सुविधा और शासकीय योजनाओं का लाभ किसानों तक सरलता से पहुंच सके। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने गांव के सर्वेयरों से संवाद कर उनकी समस्याओं और चुनौतियों को भी जान।

उन्होंने आश्वासन दिया कि सर्वे कार्य की पारदर्शिता और दक्षता बनाए रखने के लिए प्रशासन हर संभव सहयोग करेगा। राज्य शासन की इस अभिनव पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में तकनीकी आधारित और पारदर्शी राजस्व प्रबंधन स्थापित करना है। डिजिटल क्रॉप सर्वे से भूमि अभिलेखों का डिजिटलीकरण सुनिश्चित होगा, जिससे भू-स्वामित्व संबंधी विवादों में कमी आएगी और किसानों को योजनाओं का लाभ सहज रूप से मिलेगा। ग्राम सोनपुर कला के ग्रामीणों ने भी डीसीएस प्रणाली की सराहना करते हुए बताया कि इस पहल से किसानों का काम काफी आसान हो जाएगा।

# पशु क्रूरता के दो अलग-अलग मामलों में थाना चांदों पुलिस द्वारा 04 पशु तस्कर आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया सलाखों के पीछे

-संवाददाता-

**बलरामपुर,18 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** चांदो बलरामपुर थाना क्षेत्र चांदो पुलिस ने आरोपी परना मिंज, निवासी ग्राम नावाडीह, को गिरफ़्तार कर भेजा सलाखों में। जानकारी के अनुसार चांदो पुलिस को मुखबिरी से सूचना पर तस्दीक हेतु थाना प्रभारी चांदों के द्वारा मौके पर पहुंच कर पाया कि ग्राम नवाडीह का परना मिंज ग्राम नवाडीह थाना चांदो की ओर से पशुओ को अवैध रूप से मारते पीटते व हांकते हुए कटिंग के लिए झारखण्ड बुचढ खाना की ओर ले जा रहा था। सूचना के आधार पर थाना चांदो पुलिस द्वारा मौके से एक रास बछिया जिसके पैर में चोट लगा हुआ था को कब्जे में लेकर आरोपी के विरूद्ध थाना चांदो में अपराध



क्रमांक 24/2025 धारा 4,6,10 छ.ग. कृषि पशु परि. अधि.2004 11 (1) (डी) पशु क्रूरता अधि.1960 कायम कर आरोपी परना मिंज, निवासी नावाडीह, थाना चांदों, जिला बलरामपुर रामानुजगंज को विधिवत हिरासत में लिया जाकर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

**दूसरा मामला :** जानकारी के अनुसार चांदो पुलिस को16/8/2025/को मुखबिर से सूचना मिली थी ग्राम नवाडीह करचाडी डाड के पास कुछ व्यक्तियों के द्वारा मवेशियों को मारते पीटते पैदल हांकते हुए परिवहन कर बूचड़ खाने ले जाने के फिराक में हैं। सूचना पर चांदो थाना प्रभारी के द्वारा टीम गठित कर मौके पर मवेशी तस्करों को गिरफ्तार कर सभी आरोपियों पर अपराध क्रमांक 28/2025 धारा 4,6,10 छ.ग. कृषि पशु परि. अधि.2004 11 (1) (डी) पशु क्रूरता अधि.1960.के तहत गिरफ्तार किया गया। दोनों मामलों में गिरफ्तार किए गए आरोपियों के के नाम 1. हवरा पिता जोखन, निवासी भेदमी पुतसुरा, चौकी गणेशमोड, जिला बलरामपुर. रामानुजगंज.2. राजाराम पिता भद्रेश्वर, निवासी भेदमी पुतसुरा, चौकी गणेशमोड, जिला बलरामपुर. रामानुजगंज.3. सुकुरुद्दीन अंसारी निवासी ग्राम बरकोल, थाना भांडरिया, जिला गढ़वा,झारखंड को

थाना चांदो पुलिस द्वारा मौके से 02 रास बछिया व 02 रास गाय को कब्जे में लेकर आरोपियों के विरूद्ध थाना चांदो में अपराध क्रमांक 28/2025 धारा 4,6,10 छ.ग. कृषि पशु परि. अधि.2004 11 (1) (डी) पशु क्रूरता अधि.1960 कायम कर आरोपी हवरा पिता जोखन, निवासी भेदमी पुतसुरा, चौकी गणेशमोड, जिला बलरामपुर रामानुजगंज,राजाराम पिता भद्रेश्वर, निवासी भेदमी पुतसुरा, चौकी गणेशमोड, जिला बलरामपुर रामानुजगंज, सुकुरुद्दीन अंसारी निवासी ग्राम बरकोल, थाना भांडरिया, जिला गढ़वा, झारखंड को विधिवत हिरासत में लिया जाकर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

# परियोजना अधिकारी वर्षा बंसल के नेतृत्व में सूरजपुर कुपोषण मुक्त होने की ओर

## 343 आंगनबाड़ी केंद्रों की सतत् मेहनत से तीन वर्षों में कुपोषित बच्चों की संख्या में आई कमी

-संवाददाता-

**सूरजपुर,18 जुलाई 2025 (घटती-घटना)।** महिला एवं बाल विकास विभाग सूरजपुर के विशेष पोषण अभियान का असर अब ज़मीनी स्तर पर साफ दिखाई देने लगा है। परियोजना अधिकारी श्रीमती वर्षा बंसल के नेतृत्व और सतत निगरानी में पिछले तीन वर्षों में हज़ारों बच्चों को कुपोषण से बाहर लाने में उल्लेखनीय सफलता मिली है। जिले की 343 आंगनबाड़ी केंद्रों के सहयोग से मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना और पूरक पोषण आहार कार्यक्रम के तहत बच्चों को नियमित स्वास्थ्य जांच, पौष्टिक आहार और परामर्श उपलब्ध कराया जा रहा है। टीम ने गांव-गांव जाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं के साथ लगातार जागरूकता अभियान भी चलाए, जिसका सीधा लाभ ग्रामीण अंचल के बच्चों तक पहुंचा। वर्ष 2023





में कुल 13,717 बच्चों में 1,481 मध्यम कुपोषित और 416 अति गंभीर कुपोषित पाए गए थे। वर्ष 2024 में यह संख्या घटकर 970 मध्यम और 391 अति गंभीर कुपोषित रह गई। वहीं वर्ष 2025 में आंकड़ा और घटकर 675 मध्यम तथा 251 अति गंभीर कुपोषित बच्चों तक सिमट गया। इन तीन वर्षों में कुपोषित बच्चों की संख्या में लगातार कमी आना, जिला प्रशासन और महिला बाल विकास विभाग की जमीनी मेहनत का स्पष्ट प्रमाण है। सिर्फ आंकड़े नहीं,बदलाव की कहानियां भी परियोजना अधिकारी श्रीमती वर्षा बंसल ने कहा– हमारा लक्ष्य सिर्फ कुपोषण घटाना नहीं,बल्कि हर बच्चे को स्वस्थ और खुशहाल बनाना है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं और स्वास्थ्य विभाग के साथ तालमेल से यह संभव हुआ है। ग्रामीणों का भी मानना है कि अब आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को बेहतर भोजन, नियमित वजन जांच और पोषण संबंधी जानकारी दी जा रही है, जिससे माताओं-पिताओं के नजरिए में भी बदलाव आया है। सूरजपुर परियोजना की यह पहल अब कुपोषण मुक्त सूरजपुर÷ की दिशा में एक मजबूत कदम मानी जा रही है।





# सोनहत कछाड़ी सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे

# ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी

## सड़क पर गड्ढों में पानी भरने से दुर्घटना का शिकार हो रहे ग्रामीण,शासन प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान ग्रामीणों की मरम्मत की मांग

### कई बार हुआ मरम्मत पर नही भरे गड्ढों

ग्रामीण बताते हैं कि उक्त सड़क रमन सरकार के समय बनाई गई थी उक्त सड़क का काम रात में मोबाइल टार्च की रोशनी से किया जाता रहा,सड़क इतनी गुणवत्ता विहीन बनाई गई थी कि इसकी नींव कई स्थानों पर बिना गिट्टी डाले डामर बिछा कर सड़क बना दिया गया जो बाद में चंद दिनों में ही उखड़ने लगी थी इसके बाद इसका लगातार कई बार मरम्मत किया गया बावजूद उसके सड़क पर गड्ढे बने हुए हैं, कई जगहों से बारिश के कारण साइड पोर्च भी कट रहा है जिससे आने जाने में लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### सड़क को लेकर पूर्व में भी हो चुका है विरोध

सड़क के घटिया निर्माण कार्य को लेकर पूर्व में भी कई बार कांग्रेस के पदाधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ विरोध किया था लेकिन सड़क की नींव कमजोर होने के कारण कितना मरम्मत हो सड़क कुछ दिनों में गड्ढों में तब्दील हो जाती है। क्षेत्र के लोगो ने सड़क का पूरा नवीनीकरण कराए जाने की मांग प्रशासन से किया है।

### सोनहत से सूरजपुर के कई ग्राम को जोड़ती है सड़क

उक्त सड़क सोनहत विकासखण्ड से सूरजपुर जिले के ग्राम पंचायत घुइदी चतरँग पाल केवरा, वनगवा कैलाशनगर भुसकी सहित कई ग्रामो को जोड़ने वाली इकलौती सड़क है लेकिन इसकी खस्ताहाल स्थिति से दोनों जिलों के राहगीर काफी परेशान हैं, ग्रामीणों प्रशासन से जल्द मरम्मत की मांग किया है।

-राजन पाण्डेय-

सोनहत,18 अगस्त 2025 (घटती-घटना)। सोनहत विकासखण्ड के ग्राम कछाड़ी जोगिया से सोनहत मुख्यालय को जोड़ने वाली मुख्य पक्की सड़क में इतने गड्ढे हो गए है कि आय दिन लोगो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है आलम है कि ग्रामीण दुर्घटना का भी शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणो ने बताया कि उक्त सड़क में रात के समय अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क में आकर ले चुके भारी भरकम गड्ढों में पानी भर चुका है जिससे गड्ढे कितने बड़े है इसका अनुमान नही लग पता और लोग दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।



### क्या कहते हैं लोग...

कछाड़ी ग्राम की सड़क अत्यंत जर्जर होती जा रही है लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं इसका तत्काल मरम्मत होना चाहिए

**बाबी भारती सरपँच ग्राम पंचायत कछाड़ी**

कछाड़ी जोगिया भगवतपुर को सोनहत मुख्यालय से जोड़ने वाली मुख्य सड़क है इसका कई बार मरम्मत हुआ लेकिन स्थिति जस की तस है। इस सड़क का पुनः नवीनीकरण होना चाहिए ताकि आवागमन सुलभ हो सके

**पुष्पेंद्र राजवाड़े अध्यक्ष कोरिया जन सहयोग समिति**

कछाड़ी सड़क के मरम्मत के लिए कलेक्टर महोदया को ग्राम वासियों के साथ मिलकर आवेदन देंगे, सांसद महोदया को भी ज्ञापन दूंगा

**लव प्रताप सिंह**

सड़क जर्जर होने के कारण स्कूली बच्चो को काफी परेशानी होती है यूथ कांग्रेस उक्त सड़क के नवीनीकरण के लिए शासन प्रशासन को मांग पत्र सौंपेगा।

**प्रकाश चंद साहू अध्यक्ष यूथ कांग्रेस सोनहत**




## रोजगार कार्यालय मनेन्द्रगढ़ में 21 अगस्त को लगेगा निःशुल्क प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

-संवाददाता-

एमसीबी,18 अगस्त 2025 (घटती-घटना)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 21 अगस्त 2025 दिन गुरुवार को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। यह कैम्प वार्ड क्रमांक 17 भगत सिंह वार्ड जोड़ा तालाब छठ घाट के पास जिला रोजगार कार्यालय मनेन्द्रगढ़ में आयोजित होगा। इस अवसर पर मेसर्स सेफ इंटेलिजेंट सिक्योरिटी सर्विसेस रायपुर दुर्ग भिलाई राजनांदगांव एवं डोंगरगढ़ के विभिन्न निजी नियोजकों द्वारा कुल 50 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इसमें सिक्योरिटी गार्ड सिक्योरिटी सुपरवाइजर एवं लेवर जैसे पद शामिल हैं जिनके लिए न्यूनतम योग्यता साक्षरता से लेकर स्नातक तक निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 10,000 से 17,000 रुपये तक का वेतनमान प्रदान किया जाएगा। कैम्प में सम्मिलित होना पूर्णतः निःशुल्क है और इच्छुक आवेदक अपने शैक्षणिक व तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र निवास एवं जाति प्रमाण पत्र रोजगार कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्र आधार कार्ड तथा पासपोर्ट साइज फोटो के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

# स्वास्थ्य मंत्री ने फिल्टर प्लांट व पानी टंकी का किया निरीक्षण,दूषित जल सप्लाई पर हुए नाराज

### दूषित जल से बीमार होने वालो की जिम्मेदारी कौन होगा:श्याम बिहारी

### दूषित जल संकट पर सख्त हुए स्वास्थ्य मंत्री,15 दिन में समाधान का अल्टीमेटम

### स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने चिरमिरी के छोटा बाजार का किया दौरा,निगम व एसईसीएल अधिकारियों को दी चेतावनी





-संवाददाता-

चिरमिरी,18 अगस्त 2025 (घटती-घटना)। शहर में पीलिया के बढ़ते प्रकोप और दूषित पेयजल की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने रविवार को जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट,एसईसीएल सीजीएम, नगर निगम महापौर, सीएमएचओ अविनाश खरे सहित प्रशासनिक एवं स्वास्थ्य अमले के साथ छोटा बाजार क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण किया। दौरे के दौरान मंत्री ने फिल्टर प्लांट, पानी टंकी, वार्ड क्रमांक 20, 21, 22, 23 की साफ-सफाई, नालियों और सुलभ शौचालयों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने स्थानीय रहवासियों से बातचीत कर स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान दूषित पानी को देखकर जिम्मेदारों पर मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल काफी नाराज हुए और कहा कि इस पानी से होने वाली बीमारी की जिम्मेदारी कौन लेगा? क्या आप लोगों को





नहीं पता कि दूषित पानी से कौन-कौन सी बीमारियां होते हैं? उससे चिरमिरी के लोग कितना परेशान हो सकते हैं।

### दूषित पानी बना बीमारी का कारण

विदित हो कि पिछले कुछ सप्ताह से छोटा बाजार के विभिन्न वार्डों में दूषित पानी की आपूर्ति के चलते पीलिया फैलने की आशंका जताई जा रही थी। बड़ी संख्या में लोग पीलिया के लक्षणों से पीड़ित पाए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार जांच और इलाज की व्यवस्था की गई, मगर बीमारी पर पूरी तरह अंकुश नहीं लग पाया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार,पेयजल की गुणवत्ता को लेकर कई जांचें कराई गई हैं,जिसकी रिपोर्ट अभी लंबित है। हालांकि प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई गई कि पीलिया के फैलाव के पीछे दूषित जल बड़ी वजह है।

### मंत्री का निगम व एसईसीएल पर गुस्सा

निरीक्षण के दौरान दलगंजन दफाई क्षेत्र में वार्डवासियों की शिकायतें सुनने के बाद मंत्री जायसवाल निगम और एसईसीएल अधिकारियों पर भड़क उठे। उन्होंने सीजीएम चिरमिरी और प्रभारी निगम कमिश्नर को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा ङ्क यदि 15 दिनों के भीतर सफाई और जल आपूर्ति संबंधी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मैं कठोर कार्रवाई करूंगा और संबंधित अधिकारियों पर एफआईआर भी दर्ज की जाएगी।

### वाटर एटीएम पर नाराजगी

इसके अलावा मंत्री ने शंभू चौक स्थित वाटर एटीएम का निरीक्षण किया, जो लंबे समय से बंद मिला। इस पर उन्होंने कलेक्टर को निर्देश दिए कि चिरमिरी में कम से कम 5 नए वाटर एटीएम शुरू किए जाएं और बंद पड़े वाटर एटीएम को तुरंत दुरुस्त किया जाए।

### कलेक्टर भी मानें-दूषित जल है बड़ी वजह

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने भी स्वीकारा कि छोटा बाजार में पीलिया फैलने का प्रमुख कारण दूषित जल है। दौरे के बाद कलेक्टर ने तुरंत अधिकारियों की बैठक बुलाई और समस्या के स्थायी समाधान के निर्देश दिए।

### भारी संख्या में मौजूद रहे लोग

निरीक्षण के दौरान भाजपा मंडल पदाधिकारी, महिला विंग, नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी, एसईसीएल के अधिकारी, इंजीनियर, एमआईसी, पूर्व सभापति सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे और उन्होंने अपनी समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं।

## स्वतंत्र पार्टी,नौंगई को निर्वाचन आयोग का नोटिस

-संवाददाता-

चिरमिरी,18 अगस्त 2025(घटती-घटना)। बलरामपुर, 18 अगस्त 2025/ भारत निर्वाचन आयोग ने जिला बलरामपुर-रामानुजगंज अंतर्गत अनुभाग वाड्रफनगर के नौंगई ग्राम में स्थित भारतीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष/महासचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। यह नोटिस जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 26ए के तहत् भेजा गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव जेम्स कुजूर ने इस संबंध में आगे बताया कि यह धारा राजनैतिक दलों के पंजीकरण और चुनावों की भागीदारी से जुड़ी है तथा भारतीय स्वतंत्र पार्टी द्वारा किये गये आवेदन के आधार पर उक्त धारा के तहत् एक राजनीतिक दल के रूप में पंजीकृत किया गया था। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के अभिलेख अनुसार उक्त राजनीतिक दल के किसी भी सदस्य द्वारा विगत 06 वर्षों में लोकसभा अथवा विधानसभा चुनाव/उप चुनाव में कोई उम्मीदवार नहीं खड़ा किया है एवं आयोग का मानना है कि भारतीय स्वतंत्र पार्टी उपरोक्त धारा 29ए के प्रयोजनों के लिए एक राजनीतिक पार्टी के रूप में कार्य करना बंद कर दिया है। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली ने संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29ए के तहत् अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय स्वतंत्र पार्टी को पंजीकृत दलों की सूची से हटाने का प्रस्ताव रखा है। इस कार्यवाही से पहले भारत निर्वाचन आयोग ने उक्त पार्टी को एक अभ्यावेदन/कारण बताने का अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया है, जिसके तहत् उक्त पार्टी 23 अगस्त 2025 तक आयोग के समक्ष लिखित अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकता है तथा इसकी सुनवाई 29 अगस्त 2025 को निर्धारित की गई है।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202506020700193**

विषय:-ब-121मामले की श्रेणी:- राजस्व सन्:-2024-2025

बकीरमा प.ह.न. 00053 [(हे0)]

पक्षकारों का विवरण -

आवेदक पक्षकार-खिलानंदन सिंह.

अनावेदक पक्ष-सीमा,

::- ईश्तहार ::-

आवेदक खिलानंदन सिंह आ0 स्व0 भानुप्रताप सिंह, निवासी ग्राम राजपुरीकला, तहसील लखनपुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया है कि ग्राम बकिरमा स्थित भूमि खसरा नंबर 283/3, 536/4 रकबा क्रमशः 0.040, 0.326 हे0 भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया गया है, जिसका नामांतरण हो चुका है। किन्तु उक्त भूमि के राजस्व रिकार्ड में त्रुटिवश अनावेदकगण का नाम दर्ज हो गया है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि के राजस्व अभिलेखों से अनावेदकगण का नाम विलोपित कर आवेदक के नाम पर दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय अम्बिकापुर के समक्ष में प्रस्तुत किया गया है, जो जॉच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 29/08/2025 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/06/2025 को जारी किया जाता है।

सील

Umeshwar Singh Baj
तहसीलदार
अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0**

::-ईश्तहार::-

रा0प्र0क्र0.../अ-6/2024-2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण चित्रा देवी पाराशर पति स्व विनय मोहन पाराशर मिलिंद मोहन पाराशर,तृप्ति रानी पाराशर,निवासी सरगबुंदिया कोरबा,स्वाति नायक,कृति रानी पाराशर आ.स्व. विनय मोहन पाराशर, निवासी कोरबा जिला कोरबा छ.ग. के द्वारा तदाशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है. कि आवेदकगण के पति/पिता विनय मोहन पराशर के स्वामित्व व अधिपत्य की नगर अम्बिकापुर, गुदड़ी बाजार,गुरु नानक वार्ड क्र. 27 स्थित नजूल प्लॉट नं 1145/1 रकबा 3811 वर्गफीट भूमि स्थित है। भूधारक विनय मोहन पाराशर की मृत्यु दिनाक 03/07/2025 को हो गई है। अतः भूधारक विनय मोहन पाराशर की मृत्यु हो जाने उपरांत आवेदकगण द्वारा उक्त भूमि के नजूल अभिलेख से विनय मोहन पाराशर का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम दर्ज कराने हेतु मृत्तक भू-धारक के मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 29/08/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अर्पत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/08/2025 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

सील

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

# पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने वन मंडलाधिकारी बैकुंठपुर के विरुद्ध वन मंत्री को भेजा शिकायत पत्र




## वन मंत्री को भेजे शिकायत पत्र में लगाए कई आरोप एवं कार्रवाई की मांग

## वन विभाग के कई मामलों ने पहले बटोरी हैं खूब सुर्खियां

## चिरमिरी के छोटे कलुवा जंगलों की बेतहाशा कटाई पर भी उठाए सवाल

## वन माफियाओं को कौन दे रहा संरक्षणः गुलाब कमरो

-राजन पाण्डेय-

कोरिया,18 अगस्त 2025 (घटती-घटना)। भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने वन मंत्री केदार कश्यप को पत्र लिखकर बैकुंठपुर वन मंडलाधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। गुलाब कमरों ने अपने पत्र के माध्यम से ग्रामीणों को लगातार परेशान करने, मजदूरी भुगतान में विलंब करने और किसानों की फसल बर्बाद करने जैसे कई आरोप लगाते हुए मामलों की जांच सहित संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही करते हुए कोरिया से स्थानांतरण किये जाने की मांग किया है।



### वन विभाग की कार्यप्रणाली पर लगातार उठ रहे सवाल

वन विभाग ने अपने नियमो कानूनों का हवाला देते हुए गरीब ग्रामीणों द्वारा वन भूमि पर किये गए अतिक्रमण को तो हटा दिया गया, ग्रामीणों के घर मकान जमीदोज कर दिए गए लेकिन सबसे अहम सवाल यह भी है कि क्या वन विभाग सत्ता धारी दल के लोगो के द्वारा वन भूमि पर जो भारी भरकम क्षेत्र में कब्जा किया गया है उसे हटाने की हिम्मत दिखायेगा? क्या सत्ता धारी दल के लोगो के द्वारा आस पास के क्षेत्र जंगलों में कई एकड़ जमीन में किये गए कब्जे सहित उसमें अवैध रूप से किये गए निर्माण कार्य को जमीदोज करने की हिमाकत वन विभाग कर सकेगा? यह सवाल अहम होता जा रहा है,सोनहत विकासखंड के अधिकांश वन भूमि पर लोगो लंबे समय से काबिज हैं लेकिन विभाग की कार्यवाही सिर्फ गरीबों के आशियाने पर ही हुई,क्या सत्ताधारी दल के लोगों पर विभाग का नियम कानून काम नहीं करता, क्या सत्ताधारी दल के लोगों द्वारा वन भूमि पर किये गए अवैध कब्जे कार्यवाही के नाम पर विभाग का बुलडोजर पंचर हो जाता है? क्या विभाग की अपनी ही भूमि का ज्ञान नहीं जो राजस्व भूमि पर बुलडोजर चलाया जा रहा है? इस तरह के सवाल क्षेत्र में चर्चा का विषय बने हुए हैं।

### मजदूरों का शोषण और भुगतान में देरी

पूर्व विधायक ने मजदूरी भुगतान सम्बन्धी भी आरोप लगाते हुए अपने शिकायत पत्र में उल्लेख किया है कि वन विभाग में कार्यरत मजदूरों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है और उनके मेहनताने का भुगतान समय पर नहीं किया जाता। भुगतान हमेशा लंबी देरी के बाद किया जाता है। जिससे मजदूर आवश्यक रूप से परेशान होते हैं।

### मजदूरी भुगतान में बड़ा झोल : सूत्र

कोरिया वनमण्डल के कई परिक्षेत्रों में मजदूरी भुगतान में व्यापक गड़बड़ी की जानकारी सूत्रों से मिली है। सूत्र बताते हैं कि यदि विभागीय योजनाओं एवं मनरेगा के तहत कराए गए कार्यो के मजदूरी भुगतान की जांच कराई जाए तो बड़े खुलासे हो सकते हैं , और बड़े बड़े हाई प्रोफाइल मजदूरों के नाम भी सामने आ सकते हैं।

### पूर्व विधायक ने लगाया आरोप

पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने आरोप लगाया कि ग्रामीणों की जमीन और फसल खराब कर दी गई ग्राम चकडड़ (तहसील सोनहत, जिला कोरिया) के ग्रामीण राम लखन, देवी दयाल, छोटे लाल, रामचंद्र और मानमती की राजस्व पट्टे की भूमि खसरा नं. 336 (रकबा 2.400, पट्टा धारक रामलाल पिता दुईयां) पर वन मंडल अधिकारी के आदेशानुसार बुलडोजर चलवा दिया गया। पूर्व विधायक ने आरोप लगाते हुए कहा कि ग्रामीणों ने मुझे अवगत कराया कि सोनहत विकासखण्ड के ग्राम चकदण्ड देवगढ़ वनपरिक्षेत्र का अमला अतिक्रमण हटाने गया हुआ था जहां पर लखन लाल एवं अन्य 5 लोगो की सम्मिलित खाते की राजस्व भूमि खसरा नम्बर 336 पर वन विभाग ने अतिक्रमण हटाने के नाम पर बुलडोजर चलना प्रारम्भ कर दिया , जमीन मालिको के देवीदयाल, निर्मला मुन्ना लाल रामचंद्र सहित अन्य ने बताया कि उनके द्वारा मना करने पर वन विभाग ने अमले ने उन्हें धमकाया और फटकार लगाई, जिस पर जमीन मालिक ने उन्हें जमीन का पट्टा दिखाया और जमीन के सभी दस्तावेज पट्टा बी1 खसरा सहित पुराना अभिलेख भी दिखाया लेकिन जमीन मालिक का आरोप है कि वन कर्मियों ने कागज फेक दिया और कार्यवाही जारी रखी, और खसरा नम्बर 336 में बने खेत के मेड़ो को तोड़ दिया और बोई गई फसल पर पूरा बुलडोजर चला दिया जिससे ग्रामीणों और जमीन मालिक में भारी आक्रोश है।

### साल भर की खेती पर चला बुलडोजर परिवार में है 30 लोग

पूर्व विधायक गुलाब कमरो से ग्रामीण महिला निर्मला ने बताया कि खेत पर बुलडोजर चला देने से इस साल खेती नही हो पाएगी बहुत नुकसान कर दिया गया हम क्या खाएंगे, क्या बेचेंगे पूरे परिवार पर आर्थिक संकट आ गया है, 2023 में 70 क्विंटल धान इसी भूमि पर उगा कर बेचे थे, हमारा तो परिवार ही सड़क पर आ गया, निर्मला ने बताया कि हमने प्रशासन को लिखित में शिकायत देकर जांच एवं कार्यवाही के साथ उचित मुवाबजे की भी मांग किया है, लेकिन कोई कार्यवाही नही हुई है। पीड़ित परिवार ने बताया कि वन विभाग द्वारा वन भूमि में कब्जे के सम्बंध में अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया था,लेकिन कार्यवाही पट्टे की राजस्व भूमि पर कर दी और ग्रामीणों का आरोप है कि वन अमले ने राजस्व भूमि पर बुलडोजर चलाने के दौरान पीड़ित परिवार को काफी डराया और धमकाया भी जिसकी चौतरफी निंदा हो रही है।

### पूर्व विधायक ने कहा वन विभाग के विरुद्ध जल्द होगा बड़ा आंदोलन

पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार पर सवालिया निशान उठाते हुए कहा कि क्या यही विष्णुदेव जी का सुशासन है? पहले गरीबों के घर तोड़े गए अब वन भूमि का अतिक्रमण बता कर राजस्व भूमि पर बुलडोजर चला दिया गया गरीब ग्रामीणों के घर और खेतों सहित फसलों को जमीदोज किया गया,कमरो ने कहा कि पूर्व सरकार में एक भी घर नही तोड़े गए यहां तो गांव गांव में गरीब आदिवासियों पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्गो के लोगो को घर तोड़ बरसात में बेघर किया जा रहा है,सुशासन का वादा करके सबको घर देने के नाम पर आई सरकार घर तोड़ने का कार्य कर रही है,यह सब कुछ वन मंडकाधिकारी बैकुण्ठपुर कोरिया के इशारे पर किया गया। गुलाब कमरो ने कहा कि यदि सम्बंधित को न्याय नही मिला तो उन्हें न्याय दिलाने सड़क पर उतर कर लड़ाई लड़ी जाएगी,और सम्बंधित परिवार को हुए नुकसान की क्षति पूर्ति की सहित वनमण्डलाधिकारी पर कार्यवाही की मांग शासन से करता हूँ।

### चिरमिरी छोटे कलुवा के जंगलों की बेतहाशा कटाई पर उठाए सवाल

भरतपुर सोनहत के पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल अंतर्गत चिरमिरी के छोटे कलुवा के जंगलों की बेतहाशा कटाई पर सवाल उठाते हुए कई आरोप भी लगाए हैं। उल्लेखनीय है कि चिरमिरी छोटे कलुवा में साल व अन्य पेड़ो की मोटी मोटी बल्लियों की तस्वीरों के सोशल मीडिया में आने के बाद तरह तरह की चर्चाएं शुरू हो गई। पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा कि क्षेत्र में वन माफिया सक्रिय...आखिर किसका संरक्षण? और इसका जिम्मेदार कौन है? पूर्व विधायक ने कहा कि चिरमिरी वन परिक्षेत्र के छोटे कलुआ के जंगलों में लकड़ी तस्कर बेखौफ सक्रिय हो कर अपने कार्य को अंजाम दे रहे हैं इसका अर्थ है कि कही न कही विभागीय मिलीभगत की भी संभावना है। हरे भरे पुराने विशाल वृक्षों को निर्दयता से काटा जा रहा, वन विभाग और राजस्व विभाग की चुप्पी काफी कुछ इशारे कर रही है पूर्व विधायक ने कहा क्या एक पेड़ मां के नाम सिर्फ नारा, कहावतों तक सीमित आखिर वन माफियाओं को संरक्षण कौन दे रहा है? इसकी जांच और कार्यवाही होनी चाहिए।

# त्यौहारों के नाम पर चिरमिरी क्षेत्र में अवैध चंदा उगाही शुरू,आये वाहन चालक को किया जाता है परेशान

## क्या प्रशासन इस ओर संज्ञान लेकर कार्यवाही करेगा?

-राजेन्द्र शर्मा-

खड़गवां,18 अगस्त 2025 (घटती-घटना)। मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले के कोलांचल क्षेत्र चिरमिरी डोमनहिल गोदरीपारा आदि जगहों पर जैसे ही पर्व कृष्ण जन्माष्टमी गणेश चतुर्थी विश्वकर्मा पूजा दशहरा रावण दहन आदि में चंदा के नाम पर आये दिन यात्री बसों के स्टाफ से पर्व के चंदा को लेकर अभ्रद्र व्यवहार किया जाता है जबकि यात्री बसों में महिलाएं बच्चे स्कूली छात्र छात्राएं एवं बुजुर्ग रहते हैं जिन्हें अपने गंतव्य तक समय पर पहुंचना होता है। अवैध चंदा उगाही के नाम पर यात्री बसों को खड़ा कर अवैध चंदा उगाही मानमाने रूप से किया जा रहा है अवैध तरीके से यात्री वाहनों को रोक कर खड़ा रखा जाता है जबकि इन यात्री बसों में कई गंतव्य तक सफर करने वाले यात्री सफर करते हैं जिन्हें हापीटल कालेज डियूटी एवं लम्बी दूरी के ट्रेन की सवारी भी सवार रहती है। जिससे उन्हें काफी दिक्कतों का समाना करना पड़ता है ये चंदा उगाही की स्थिति चिरमिरी में बड़े जोरों पर चल रहा है और तो और यात्री बसों के द्वारा चंदा देने के बाद भी आये दिन नये नये उगाही बाजो द्वारा अवैध उगाही किया जाता है कि हमें चंदा नहीं मिला है। इस तरह दवाब में अवैध उगाही किया जाता है और मुंह मांगी रकम की मांग की जाती है यात्री बसों के स्टाफ समर्थ के अनुसार चन्दा की राशि प्रदान किया जाता है मगर मुंह मांगे राशि की मांग की जाती है और आये दिन कमेटी के नये सदस्य चंदे की मांग कर यात्री बसों को खडा कर यात्री बसों एवं बस में सवार यात्रीयो को परेशान किया जा रहा है। अभ्रद्र व्यवहार किया जाता है

इस पर प्रशासन को संज्ञान में लेकर इस तरह के अवैध चंदा उगाही करने वालों पर कार्यवाही करें जिससे यात्री बसों संचालकों संचालन में एवं यात्रीओ को सफर में किसी प्रकार की कोई दिक्कत का सामना ना करना पड़े।

# ताले में जकड़ा जनपद,भ्रष्टाचार के खिलाफ जनाक्रोश फूटा,प्रतापपुर बना आंदोलन का मैदान

## सीईओ हाय-हाय,प्रतापपुर बचाओ...अध्यक्ष सुखमनिया आयाम धरने पर...पुलिस बल तैनात...राजनीतिक माहौल पूरी तरह गरम...



-सोनू कश्यप-

प्रतापपुर,18 अगस्त 2025 (घटती-घटना)। आकांक्षी ब्लॉक प्रतापपुर,जिसे आदर्श जनपद के रूप में पहचान मिलनी चाहिए थी,वहां भ्रष्टाचार और विवादित अधिकारियों की नियुक्ति ने एक बार फिर बड़ा बवाल खड़ा कर दिया है। शासन-प्रशासन की कार्यशैली और अपनी ही सरकार के आदेशों की खुलेआम अनदेखी ने अब जनप्रतिनिधियों को उग्र आंदोलन की राह पर ला दिया है।

ज्ञात हो कि जनपद पंचायत प्रभारी सीईओ डॉ निरपेंद्र सिंह की कलेक्टर सूरजपुर ने विवाद की स्थिति एवं शिकायत के आधार पर जनपद सीईओ से जिले में अन्य विभाग में अटैच कर दिया था जिससे आक्रोशित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने डॉ निरपेंद्र सिंह के पक्ष में मोर्चा खोल दिया। आज जनपद अध्यक्ष सुखमनिया आयाम के नेतृत्व में जनपद सदस्य, सरपंच,जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचे और मुख्य गेट पर ताला जड़कर धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने भ्रष्ट सीईओ जय गोविंद गुप्ता के खिलाफ जमकर सीईओ हटाओ,प्रतापपुर बचाओ और भ्रष्टाचार बंद करो के नारे लगाए।

धरने की सूचना मिलते ही प्रशासनिक हलचल तेज हो गई और किसी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए मौके पर पुलिस बल की तैनाती करनी पड़ी। पूरे परिसर में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है।

जनप्रतिनिधियों का कहना है कि प्रतापपुर जनपद की छवि पहले ही गंभीर रूप से धूमिल हो चुकी है। ईडी प्रकरण में गिरफ्तार मिर्जा साहब की नियुक्ति ने जनपद को शर्मसार किया था। बाद में डॉ. नृपेंद्र सिंह ने पारदर्शिता लाकर जनपद को पटरी पर लाने की कोशिश की,लेकिन कुछ ही महीनों में उनका तबादला कर फिर से विवादित अधिकारी को प्रतापपुर की कमान सौंप दी गई। वर्तमान सीईओ जय गोविंद गुप्ता पर पहले से ही गंभीर आरोप हैं। जनपद पंचायत मैनपाट में प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि गबन का मामला दर्ज है और यह प्रकरण उच्च न्यायालय बिलासपुर में विचाराधीन है। ऐसे अधिकारी की नियुक्ति ने प्रतापपुर की गरिमा और विश्वसनीयता पर गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं। धरना स्थल पर मौजूद जनप्रतिनिधियों ने साफ कहा –अब धैर्य की सीमा खत्म हो चुकी है। विवादित सीईओ हटाओ, प्रतापपुर बचाओ आंदोलन की शुरुआत हो चुकी है। यदि शासन ने तुरंत कार्रवाई नहीं की तो बड़ा जनआंदोलन होगा और राजनीतिक माहौल और भी गरमाएगा। ग्रामीणों और सरपंचों का कहना है कि प्रतापपुर की पहचान भ्रष्टाचार नहीं बल्कि विकास और पारदर्शिता से होनी चाहिए। यदि शासन वास्तव में आकांक्षी ब्लॉक को विकास की दिशा में आगे ले जाना चाहता है, तो सबसे पहले विवादित सीईओ को हटाकर ईमानदार और निष्पक्ष अधिकारी की नियुक्ति करनी होगी। सबसे बड़ी बात है कि डॉ सिंह के तबादले के बाद स्थानीय जल प्रतिनिधि सहित भाजपा नेताओं ने भी खुलकर समर्थन करते हुए कलेक्टर की फरमान को वापस लेने की बात करते हुए लामबंद हो गए हैं। जहां भाजपा सरकार में रह रहे प्रशासनिक अधिकारियों की गतिविधियों पर सवाल उठने लगे हैं वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के भावनाओं को ठेस पहुंचते का आरोप लगाते हुए आज जमकर बवाल मचाया है। जहां मुख्य द्वार पर सुबह के 9:00 से 3:00 तक गेट में ताला मार कर जमकर नारेबाजी करते हुए भारी संख्या में महिला जनप्रतिनिधि एवं पुरुष जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीण जमकर नारेबाजी करते हुए। गोविंद गुप्ता को प्रतापपुर से हटाने की मांग किए हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में आरोप लगे इस सीईओ का काम प्रतापपुर में नहीं है। भारी संख्या में आक्रोश महिला जनप्रतिनिधियों का धरना प्रदर्शन एवं नारेबाजी को देखते हुए पूरा प्रतापपुर में हड़कंप मच गया आज सोमवार बाजार होने के कारण प्रतापपुर में भारी भीड़ भी होता है। जहां प्रिया घटना को देखते हुए तत्काल एसडीएम ललिता भगत, तहसीलदार, पुलिस बल मौके पर पहुंची और प्रदर्शन कार्यों को घंटा समझने का प्रयास किया मगर प्रदर्शनकारी मानने को तैयार नहीं थे उनका साफ तौर पर कहना था कि कलेक्टर सूरजपुर को मौके पर बुलाया जाए,तब जाकर एसडीएम प्रतापपुर ने कलेक्टर सूरजपुर को फोन पर बात कराया जहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कलेक्टर से इस मामले को लेकर शिकायत किया इस विषय में कलेक्टर सूरजपुर से वार्तालाप के दौरान बताया कि मामले को संज्ञान लिया जाएगा और जय गोविंद गुप्ता सीईओ के विषय में कहा कि इस विषय में जल्द ही निर्णय लिया जाएगा। और जय गोविंद को प्रभार नहीं दिया जाएगा,तब जाकर प्रदर्शन कारियो ने दो दिन का समय देते हुए इस मामले को गंभीर से विचार करने का बात कहते हुए धरना प्रदर्शन आंदोलन को समाप्त किया।

CMYK



# ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच भिड़ंत आज

**मेलबर्न,18 अगस्त 2025।** ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच अब तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। सीरीज का पहला मैच 19 अगस्त से केजली स्टेडियम केर्न्स में खेला जाएगा। इसके बाद दूसरा और तीसरा वनडे मैच 22 और 24 अगस्त को ग्रेट बैरियर रीफ एरीना में खेला जाएगा। आपको बता दें कि 2018 के बाद यह दोनों टीमों के बीच पहली द्विपक्षीय सीरीज होगी।

### टी-20 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का रहा था दबदबा

दोनों टीमों के बीच इससे पहले टी-20 सीरीज खेली गई थी जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 2-1 से अपने नाम किया था। ऐसे में अब दोनों टीमें इस सीरीज को जीतने के लिए हर संभव प्रयास करेंगी। ऑस्ट्रेलिया ने इससे पहले अपनी आखिरी वनडे सीरीज वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था, जिसे उन्होंने 5-0 से अपने नाम किया था।

### दोनों टीमों के पास मौजूद हैं एक से बढ़कर एक धाक खिलाड़ी

वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के पास एक से बढ़कर एक धाकड़ खिलाड़ी मौजूद हैं। ऑस्ट्रेलिया के पास कैमरून ग्रीन, मार्नस लाबुशेन, एलेक्स कैरी और एडम जम्पा जैसे खिलाड़ी मौजूद हैं। वहीं साउथ अफ्रीका के स्क्वॉड में एडन मार्करम कगिसो रबाडा टेम्बा बावुमा जैसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। ऐसे में दोनों टीमों के बीच ये सीरीज काफी रोमांचक होने की उम्मीद है।

### ऑस्ट्रेलिया/दक्षिण अफ्रीकाः वनडे सीरीज के लिए दोनों टीमों का स्क्वॉयड

**दक्षिण अफ्रीकाः-** टेम्बा बावुमा (कप्तान), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), लुआन-ड्रे प्रीटोरियस, एडन मार्करम, डेवाल्ड ब्रेविस, ट्रिस्टन स्टब्स, वियान मुल्डर, केशव महाराज, कगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, नंद्रे बर्गर, मैथ्यू ब्रीट्जके, सेनुरन मुथुसामी, टोनी डी जोरजी, कॉर्बिन बॉश, प्रेनेलन सुब्रायन

**ऑस्ट्रेलियाः-** ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श (कप्तान), कैमरून ग्रीन, मार्नस लाबुशेन, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), आरोन हार्डी, कूपर कोनोली, बेन ड्वार्शुइस, जोश हेजलवुड, एडम जम्पा, नाथन एलिस, मैथ्यू कुहनेमैन, एलेक्स कैरी, जेवियर बार्टलेट

## पाकिस्तान के सैम अयूब को मिली टीम में एंट्री



### बेइज्जती के लिए तैयार हो रही टीम

**मुल्तान,18 अगस्त 2025।** एशिया कप 2025 के लिए अपने स्क्वाड का ऐलान कराने वाला पाकिस्तान पहला देश बन गया है। वैसे तो इस टूर्नामेंट में कुल मिलाकर आठ टीमें हिस्सा लेंगी, लेकिन पाकिस्तान ने टीम के ऐलान में बाजी मार ली। सबसे ज्यादा चर्चा इस बात की हो रही है कि टीम में बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान नहीं हैं, लेकिन टीम में एक ऐसे फुस्स पटाखा को शामिल किया गया, जो अभी तक कुछ नहीं कर पाया है। ऐसे में ऐसा लगता है कि ज्यादा दिन की देरी नहीं है, जल्द ही पाकिस्तान की एक और बड़ी बेइज्जती होगी।

### सैम अयूब एशिया कप में करेंगे पाकिस्तान के लिए ओपनिंग

एशिया कप में पाकिस्तानी टीम के लिए पारी का आगाज करते हुए सैम अयूब नजर आएंगे। वे टीम में शामिल किए गए हैं। लेकिन उनके आंकड़े देखकर आप समझ जाएंगे कि टीम का क्या होने वाला है। सैम अयूब ने अब तक पाकिस्तान के लिए 36 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं और इसमें उनके नाम केवल 705 रन हैं। सैम अयूब का औसत इस फॉर्मेट में 22.03 का है और उनका स्ट्राइक रेट 137.15 का है। सैम अयूब ने अब तक खेली गई 34 टी20 इंटरनेशनल पारियों में केवल तीन अर्धशतक लगाए हैं, शतक की बात तो बहुत दूर की है।

# दलीप ट्राफी शुरूआत होने से पहले ही आए कई बदलाव

## आकाश दीप हुए इस टूर्नामेंट से बाहर,132 विकेट लेने वाले बॉलर की चमकी किस्मत,रियान पराग बने उपकप्तान

**नई दिल्ली,18 अगस्त 2025।** दलीप ट्रॉफी 2025 के शुरू होने से पहले ईस्ट जोन की टीम को एक के बाद एक लगातार झटके लग रहे हैं। अब टीम के तेज गेंदबाज आकाश दीप भी चोट की वजह से दलीप ट्रॉफी 2025 से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 132 विकेट ले चुके मुख्तार हुसैन को टीम में शामिल किया गया है।



### डोमेस्टिक क्रिकेट में मुख्तार हुसैन के आंकड़े

डोमेस्टिक क्रिकेट में मुख्तार हुसैन के आंकड़ों की बात करें तो वहां उन्होंने अब तक 40 फर्स्ट क्लास, 43 लिस्ट ए और 36 टी-20 मैच खेले हैं। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उन्होंने 132, लिस्ट ए क्रिकेट में 49 और टी-20 में 39 विकेट चटकाए हैं। मुख्तार पहले ही स्टैंड बाय खिलाड़ी के तौर पर टीम के साथ थे, लेकिन अब आकाश दीप के बाहर होने के बाद उन्हें स्क्वॉड में शामिल किया गया है।

### इंग्लैंड सीरीज में आकाश दीप ने की थी अच्छी गेंदबाजी

आकाश दीप की बात करें तो वह इससे पहले इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में खेलते हुए नजर आए थे। वहां वह चोट की वजह से चौथे टेस्ट मैच से बाहर रहे थे लेकिन पांचवें मैच में उन्होंने वापसी की थी और वहां उन्होंने नाईट वॉचमैन के तौर पर बल्ले से अर्धशतकीय पारी और 66 रन बनाकर आउट हुए थे। इंग्लैंड सीरीज में उन्होंने तीन मैचों में 13 विकेट चटकाए थे। चोट की वजह से डॉक्टर्स ने उन्हें इस वक्त आराम करने की सलाह दी है।

### रियान पराग को बनाया गया ईस्ट जोन को उप्कप्तान

ईशान किशन के बाहर होने के बाद ईस्ट जोन की कप्तानी अभिमन्यु ईश्वरन को सौंपी गई है, वहीं रियान पराग को टीम का उपकप्तान नियुक्त गया है। इन दो बड़े खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी में ईस्ट जोन की टीम कैसा प्रदर्शन करती है ये देखने लायक बात होगी। ईस्ट जोन की टीम दलीप ट्रॉफी 2025 में अपना पहला मुकाबला नॉर्थ जोन के खिलाफ खेलेगी। यह मैच बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ग्राउंड में 28 अगस्त से खेला जाएगा।

### दलीप ट्रॉफी 2025 के लिए ईस्ट जोन का स्क्वॉयड

अभिमन्यु ईश्वरन, आशीर्वाद स्वैन (विकेटकीपर), संदीप पटनायक, विराट सिंह, डेनिश दास, श्रीदाम पॉल, शरणदीप सिंह, कुमार कुशाग्र, रियान पराग, उत्कर्ष सिंह, मनीषी, सूरज सिंधु जयसवाल, मुकेश कुमार, मुख्तार हुसैन और मोहम्मद शमी

**स्टैंडबायः-**वैभव सूर्यवंशी, स्वास्तिक सामल, सुदीप कुमार घरामी और राहुल सिंह



## एशिया कप के लिए एक साल बाद होगी यशस्वी जायसवाल की टी20 टीम में वापसी

**नई दिल्ली,18 अगस्त 2025।** एशिया कप के लिए टीम इंडिया का ऐलान अब करीब है। माना जा रहा है कि 19 अगस्त को सेलेक्शन कमेटी की बैठक होगी और इसके बाद टीम की घोषणा कर दी जाएगी। इस वक्त बहुत सारे नाम सामने आ रहे हैं, जो इस बार टीम इंडिया के लिए इस टूर्नामेंट में खेलते हुए नजर आ सकते हैं। इस बीच एक नया नाम भी प्रकाश में आया है, जिस खिलाड़ी की अचानक लॉटरी लगती हुई नजर आ रही है। हम बात कर रहे हैं यशस्वी जायसवाल की।

### यशस्वी जायसवाल एशिया कप में हो सकते हैं तीसरे ओपनर

एक खबर आ रही है कि शुभमन गिल शायद एशिया कप में टीम इंडिया के स्क्वाड का हिस्सा नहीं होंगे। ऐसे में माना जा रहा है कि अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन की सलामी जोड़ी बरकरार रहेगी। ऐसे में तीसरे ओपनर के तौर पर यशस्वी जायसवाल का नाम सामने आ रहा है। जायसवाल मैच खेल पाएंगे कि नहीं, ये कहना तो अभी मुश्किल है, लेकिन वे स्क्वाड में जगह बनाते हुए जरूर नजर आ रहे हैं। जायसवाल की अगर वापसी होती है तो वे करीब एक साल बाद टी20 टीम में नजर आएंगे।

### अब तक ऐसा रहा है यशस्वी का करियर

जायसवाल ने अब तक भारत के लिए 23 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 723 रन आए हैं। जायसवाल का औसत 36.15 का है और वे 164.31 के स्ट्राइक रेट से रन बना रहे हैं। जायसवाल के नाम टी20 इंटरनेशनल में एक शतक और 5 अर्धशतक भी दर्ज हैं। अब देखना यही होगा कि अगर जायसवाल की टीम में एंट्री होती है तो क्या वे प्लेइंग इलेवन का भी हिस्सा बन पाएंगे या फिर बाहर बैठे रहेंगे और दुबई घुमकर वापस आ जाएंगे।

## नीरज चोपड़ा का ज्यूरिख में होगा खिताबी मुकाबला

**ज्यूरिख,18 अगस्त 2025।** भारत के स्टार जैवलिन थ्रो खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने ज्यूरिख में इस महीने के आखिर में होने वाले डायमंड लीग 2025 के फाइनल मुकाबले में अपनी जगह को पक्का कर लिया है। नीरज चोपड़ा ने 16 अगस्त को हुए सिलेसिया लेग में हिस्सा नहीं लिया था लेकिन उससे पहले हुए 2 डायमंड लीग की लेग में उन्होंने कुल 15 अंक हासिल किए थे। सिलेसिया लेग के बाद जारी की गई नई स्टैंडिंग में नीरज चोपड़ा का नाम फाइनल के लिए तय हो गया। स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में नीरज चोपड़ा 27 और 28 अगस्त को होने वाले ग्रैंड फिनाले के लिए अपनी जगह को पक्की कर चुके हैं, जिसमें 2025 डायमंड लीग चैंपियन का फैसला करने के लिए पुरुष जैवलिन थ्रो का इवेंट 28 अगस्त को होगा। मौजूदा



वर्ल्ड चैंपियन नीरज चोपड़ा ने इस बार डायमंड लीग के पेरिस लेग में 88.16 मीटर का थ्रो करते हुए जीत हासिल की थी। वहीं दोहा में नीरज ने 90.23 मीटर का थ्रो किया था लेकिन वह जर्मनी के जूलियन वेबर से पीछे रह गए थे। डायमंड लीग 2025 की नई स्टैंडिंग में पहले नंबर पर 17 अंकों के साथ त्रिनिदाद एंड टोबैगो के केशोर्न वाल्कॉट काबिज हैं। वहीं नीरज चोपड़ा 15 अंकों के साथ संयुक्त रूप से जूलियन वेबर के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

# अभी नहीं टूटेगा रोहित शर्मा का ये वर्ल्ड रिकॉर्ड

**नई दिल्ली,18 अगस्त 2025।** एशिया कप 2025 का आयोजन अगले महीने होगा, लेकिन अभी से इसको लेकर सुर्खियां बननी शुरू हो गई हैं। अब वो वक्त आ चुका है, जब टीमों का ऐलान शुरू हो चुका है। भारतीय टीम के स्क्वाड की घोषणा 19 अगस्त को होने की बात सामने आ रही है। पाकिस्तानी टीम का ऐलान कर दिया गया है। टीम की कमान सलमान अली आगा के पास रहेगी, जो पिछले कुछ दिन से टीम की कमान संभाल रहे हैं। इस बीच बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को फिर टीम में जगह नहीं मिली है। इससे ये भी साफ हो गया है कि रोहित शर्मा का टी20 इंटरनेशनल में जो वर्ल्ड रिकॉर्ड है, वो अभी टूटते हुए नजर नहीं आ रहा है।

### रोहित शर्मा ने बनाए हैं टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन

टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन



बनाने का रिकॉर्ड फिलहाल रोहित शर्मा के नाम पर है। उन्होंने 159 टी20 इंटरनेशनल मैच खेलकर 4231 रन बनाए हैं। रोहित का औसत इस फॉर्मेट में 32.05 का है,वहीं वे 140.89 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते रहे हैं। उनके नाम पांच शतक और 32 अर्धशतक दर्ज हैं। रोहित शर्मा के इस रिकॉर्ड के सबसे करीब बाबर आजम हैं, लेकिन वे पिछले काफी वक्त से टी20 इंटरनेशनल खेल ही नहीं पा रहे हैं और अब तो वे एशिया कप के स्क्वाड में भी शामिल नहीं किए गए हैं।

### बाबर आजम महज 9 रन ही पीछे

बाबर आजम ने अब तक अपने टी20 करियर में 128 मुकाबले खेलकर 4223 रन बनाए हैं। यानी वे रोहित शर्मा से महज 9 रन की दूरी पर हैं। अगर बाबर को कुछ और मैच खेलने के लिए मिलें तो वे शायद पहले नंबर पर पहुंच सकते हैं, लेकिन अपने घटिया स्ट्राइक रेट के कारण बाबर आजम को बाहर का रास्ता दिखाया गया है। कभी बाबर टीम के कप्तान हुआ करते थे, लेकिन अब वे टीम का भी हिस्सा नहीं हैं। ये बताता है कि बाबर आजम का कद किस तरह से अपनी टीम में घटता चला गया।

### रोहित,बाबर और कोहली ने ही बनाए हैं चार हजार से ज्यादा रन

रोहित शर्मा और बाबर आजम के अलावा केवल विराट कोहली ही ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने टी20 इंटरनेशनल में चार हजार से ज्यादा रन बनाए हैं। विराट कोहली ने अपने टी 20 इंटरनेशनल करियर में 125 मैच खेलकर 4188 रन बनाए हैं। बाकी कोई बल्लेबाज चार हजार के पार नहीं है। यानी फिलहाल जब तक बाबर आजम की वापसी अपनी टी20 में नहीं होती,तब तक रोहित शर्मा के इस विश्व कीर्तिमान पर कोई खतरा नजर नहीं आता। हां,अभी नहीं तो बाद में ही सही, ये रिकॉर्ड टूटेगा तो ही। बस देखना ये दिलचस्प होगा कि आखिर कब ये कीर्तिमान रोहित शर्मा के ही नाम पर रहता है।



## दलीप ट्रॉफी से बाहर हुए ईशान किशन

**नई दिल्ली,18 अगस्त 2025।** दलीप ट्रॉफी 2025 की शुरुआत होने से पहले ईस्ट जोन की टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम के कप्तान ईशान किशन इस टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह 20 साल के खिलाड़ी आशीर्वाद स्वैन को स्क्वॉड में शामिल किया गया है। इसकी जानकारी ओडिशा क्रिकेट एसोसिएशन ने सोशल मीडिया पर दी है। ईशान को कुछ समय पहले ही ईस्ट जोन की कप्तानी सौंपी गई थी, ऐसे में उनका बाहर होना टीम के लिए एक बड़ा झटका है।


## एसजे सूर्या,प्रीति असरानी,श्री गोकुलम मूवीज की महत्वाकांक्षी पैन इंडिया फिल्म किलर का फर्स्ट लुक जारी




एसजे सूर्या अपनी नई फिल्म किलर के साथ निर्देशन में वापसी कर रहे हैं,जिसमें वे मुख्य भूमिका भी निभाएंगे। उन्होंने इस फिल्म की कहानी,पटकथा और संवाद भी खुद लिखे हैं। किलर का निर्माण सूर्या के अपने प्रोडक्शन हाउस,एंजेल स्टूडियोज़ और श्री गोकुलम मूवीज़ द्वारा बड़े पैमाने पर किया जा रहा है,जिसका नेतृत्व अनुभवी निर्माता गोकुलम गोपालन कर रहे हैं। इस फिल्म के सह-निर्माता वीसी प्रवीण और बैजू गोपालन हैं,जबकि कृष्णमूर्ति कार्यकारी निर्माता हैं। प्रीति असरानी इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री हैं। पोस्टर के पहले लुक में एसजे सूर्या एक उग्र और स्टाइलिश अवतार में नज़र आ रहे हैं, एक हाथ में बंदूक लिए हुए और दूसरे हाथ में फिल्म की मुख्य अभिनेत्री प्रीति असरानी। लाल साड़ी पहने और गुलाबों का गुलदस्ता लिए हुए,प्रीति बेहद आकर्षक और लाजवाब लग रही हैं। दोनों मुख्य कलाकारों के बीच की केमिस्ट्री तुरंत ध्यान खींच लेती है।अकादमी पुरस्कार विजेता संगीत निर्देशक ए.आर. रहमान को फिल्म का संगीत तैयार करने के लिए शामिल किया गया है,और उनका शामिल होना संगीत के महत्व को दर्शाता है।किलर को एक बड़े पैमाने की फिल्म के रूप में योजनाबद्ध किया गया है और इसे पांच भाषाओं में रिलीज किया जाएगा, जिसका उद्देश्य पूरे भारत में दर्शकों से जुड़ना है।शूटिंग अभी प्रगति पर है और कलाकारों तथा क्रू के बारे में अधिक जानकारी जल्द ही सामने आएगी।

## महिला किरदारों में आए बदलाव पर बोलीं प्रिया बापट,अब रोल में सिर्फ ग्लैमर नहीं, गहराई भी होती है...

एक समय था जब फिल्मों में महिला किरदारों को सीमित दायरे में दिखाया जाता था,किसी की पत्नी,मां या प्रेमिका के किरदारों में। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। फिल्मों के साथ-साथ अब ओटीटी प्लेटफॉर्म्स भी महिला कलाकारों को दमदार भूमिकाओं में दिखा रहे हैं। साथ ही उन्हें अपने अभिनय का असली हुनर दिखाने का मंच भी दे रहे हैं। इसी बदलाव की एक शानदार मिसाल हैं अभिनेत्री प्रिया बापट, जो अपने नए शो अंधेरा के जरिए एक बार फिर चर्चा में हैं। बीते 20 सालों से हिंदी और मराठी सिनेमा में सक्रिय प्रिया बापट ने फिल्मों में कई यादगार किरदार निभाए हैं। लेकिन उनका मानना है कि ओटीटी पर उन्हें वह आजादी और चुनौती मिली है, जिसकी एक कलाकार को हमेशा तलाश होती है। महिला किरदारों में आए बदलाव को लेकर भी उन्होंने अपनी राय रखी और कहा कि अब पर्दे पर सिर्फ ग्लैमर नहीं होता,महिला किरदारों में गहराई भी होती है।प्रिया ने कहा, ओटीटी एक ऐसी जगह है जहां आपको किरदार की गहराई को समझने और निभाने का पूरा मौका दिया जाता है।वेब सीरीज सिटी ऑफ ड्रीम्स से लेकर अब अंधेरा तक, उनका सफर लगातार ऊंचाइयों की ओर बढ़ता दिख रहा है। बता दें कि अंधेरा एक साइकोलॉजिकल-हॉरर थ्रिलर है, जिसमें प्रिया एक पुलिस अधिकारी इंस्पेक्टर कल्पना कदम की भूमिका में नजर आ रही हैं। मुंबई की पृष्ठभूमि में बनी यह कहानी एक लापता शख्स के केस से शुरू होती है,लेकिन धीरे-धीरे यह केस एक डरावने रहस्य में बदल जाता है।इस सीरीज में प्रिया के साथ-साथ सुरवीन चावला और प्राजक्ता कोली भी अहम भूमिकाओं में नजर आ रही हैं। शो का राघव दर ने निर्देशन किया है और इसका निर्माण एक्सेल एंटरटेनमेंट ने किया है। यह सीरीज प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है।ओटीटी को लेकर प्रिया का कहना है, ओटीटी पर महिलाओं के लिए अच्छे और मजबूत किरदार लिखे जा रहे हैं। अब सिर्फ ग्लैमर नहीं, किरदारों में गहराई भी होती है। अब महिलाओं को केंद्र में रखकर कहानियां बनाई जा रही हैं। यह एक ऐसा मंच है, जहां कलाकारों को कुछ नया करने की आजादी मिलती है और दर्शकों के सामने अलग-अलग कहानियों के विकल्प भी होते हैं।



## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### आईएएस आर. संगीता को मिली बड़ी जिम्मेदारी

**» दो निगमों का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया**

**रायपुर,18 अगस्त 2025(ए)।** राज्य शासन ने आईएएस अधिकारी आर. संगीता (2005 बैच) को नई जिम्मेदारी सौंपी है। वे अभी सचिव, वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग और



आबकारी आयुक्त के पद पर कार्यरत हैं। अब उन्हें इसके साथ-साथ प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ बेवरेजेस कार्पोरेशन और प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन लिमिटेड का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है।आर. संगीता के यह जिम्मेदारी संभालने के बाद आईएएस श्याम लाल धावड़े (2008 बैच) को इन दोनों निगमों के प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। हालांकि उनके पास ग्रामोद्योग विभाग और उससे जुड़े अन्य प्रभार पहले की तरह बने रहेंगे।

### नहीं थम रही पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे की मुश्किलें

**» अभी जेल में ही रहेंगे चैतन्य बघेल**

**» कोर्ट ने इतने दिनों के लिए बढ़ाई रिमांड**

**रायपुर,18 अगस्त 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में हुए शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की रिमांड अब तीसरी बार बढ़ा दी गई है। कोर्ट



ने उन्हें 14 दिन की रिमांड पर जेल भेजा है। मामले में अब 1 सितंबर को सुनवाई होगी। मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने चैतन्य बघेल की 5 दिन की कस्टोडियल रिमांड की मांग की थी, जिसपर आज यानी 19 अगस्त को सुनवाई होगी।

### मितानिनों का आज धरना प्रदर्शन



**रायपुर,18 अगस्त 2025(ए)।** प्रदेशभर के 33 जिलों में प्रदेश मितानिन संघ के नेतृत्व में विविध मांगों को लेकर जंगी प्रदर्शन करने की तैयारी पूरी हो चुकी है। 19 अगस्त को राजधानी में भी मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने की योजना थी, लेकिन बूढ़ा तालाब स्थित धरनास्थल पर प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं मिलने से मुख्यमंत्री निवास का घेराव संभव नहीं है। इस वजह से नया रायपुर के तूता धरनास्थल पर ही प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# मुख्यमंत्री साय कैबिनेट का विस्तार टल गया



### राजभवन पहुंचे अमर अग्रवाल,कह दी ये बड़ी बात

छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर सियासी हलचल तेज है। 3 नए मंत्रियों के शपथ ग्रहण की अटकलों के बीच कई विधायकों के नामों की चर्चा मंत्री पद के लिए हो रही है। इसी बीच बिलासपुर से बीजेपी विधायक अमर अग्रवाल सोमवार को अचानक राजभवन पहुंचे,जहां उन्होंने राज्यपाल रमेन डेका से मुलाकात की। अमर अग्रवाल उन लोगों में शामिल है, जिनके नामों की चर्चा मंत्री पद के लिए हो रही है। इस दौरान जब उनसे मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने जवाब दिया-'यह मेरा विषय थोड़ी है। वो तो सीएम का विशेषाधिकार है।

**रायपुर,18 अगस्त 2025(ए)।** मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर जो अफ़वाहें उड़ी थी और आज शाम के विस्तार को तय माना जा रहा था वह लगभग टल गया है, भारी उठापटक और राज्य के बीच में मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाना था लेकिन उच्च स्तरीय प्रयासों को भी विफल करते हुए मंत्री बदल का विस्तार टाल दिया गया है। साढ़े 5 बजे विधायक राजभवन पहुंचने की खबर आ रही है। राजभवन ने अमर अग्रवाल को राज्यपाल से मुलाकात के लिए समय दिया था,निर्धारित समय में अमर अग्रवाल ने राज्यपाल डेका से मुलाकात भी की। अब अमर अग्रवाल मीडिया से बात करेंगे उसके बाद ही साफ़ हो जायेगा की ये मुलाकात कैबिनेट विस्तार को लेकर थी या फिर सिर्फ भेंट मुलाकात ऐसा सूत्र बताते हैं कि राजनीतिक जानकारों के अनुसार भारी कशमकश और बड़ी राजनीतिक दखलंदाजी के कारण विस्तार को टाला गया है। भारतीय जनता पार्टी के उच्च पद के सूत्रों के अनुसार कैबिनेट विस्तार के लिए अभी समय अनुकूल नहीं है। आने वाले दिनों में विस्तार होने की संभावना ज़रूर है। ऐसा माना जा रहा है सभी नेताओं का सहमति और आपसी विचार विमर्श के उपरांत मंत्रिमंडल विस्तार का अंतिम निर्णय लिया जाएगा। दिल्ली से तय होने के उपरांत सभी नेताओं को अवगत कराया जाएगा। इसके उपरांत मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा। तीन नए मंत्री बनाए जाने की संभावना है। कैबिनेट बैठक 19 अगस्त को सीएम विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंगलवार 19 अगस्त 2025 को सवेरे 11 बजे राज्य मंत्रिपरिषद (कैबिनेट) की बैठक मंत्रालय (महानदी भवन) अटल नगर, नवा रायपुर में आयोजित होगी।

## मंत्रिमंडल विस्तार पर सियासत गर्म

### » पूर्व सीएम ने कहा...कई बीजेपी विधायकों ने सूट सिलवाकर रखे...बैज ने भी साधा निशाना...

छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। सीएम विष्णुदेव साय खुद कह चुके हैं कि जल्द कैबिनेट का विस्तार होगा। इसे लेकर अब सियासत तेज हो गई है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने बीजेपी पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि कई बार बीजेपी विधायकों ने सूट सिलवाकर रखे हैं। मंत्रिमंडल विस्तार को बीजेपी सरकार पर निशाना साधते हुए भूपेश बघेल ने कहा कि-मंत्रिमंडल विस्तार की बात सुनकर कान पक गए, कई बार बीजेपी विधायकों ने सूट सिलवाकर रखे। दूसरी ओर, मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि सत्ता और संगठन में ठीकठाक नहीं चल रहा है। बीजेपी नेता अब खुलकर बोल रहे है। आधा दर्जन से ज्यादा नेता शूट सिलवा कर रखे हैं। बैज ने कहा कि सीएम



साय विदेश दौरे पर 10 दिनों के लिए जा रहे, वे जापान और दक्षिण कोरिया की यात्रा करेंगे। कुछ दिन पहले वित्त मंत्री ओपी चौधरी भी एक हफ्ते के अमेरिका प्रवास पर गये थे, उनके वहां जाने का प्रदेश को क्या फायदा हुआ, आज तक उन्होंने प्रदेश की जनता को नहीं बताया। उपमुख्यमंत्री अरूण साव भी विदेश होकर आए हैं। आखिर इससे क्या फायदा हुआ।

# साय ने भाजपा कार्यालय का किया उद्घाटन

## » 260 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

**भिलाई,18 अगस्त 2025(ए)।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज भिलाई के सुपेला में नवनिर्मित भाजपा जिला कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडे, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान 260 करोड़ रुपये की लागत वाले विभिन्न विकास परियोजनाओं का भूमिपूजन और लोकार्पण भी किया।




**भाजपा कार्यालय का उद्घाटन**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुपेला, भिलाई में नए भाजपा जिला कार्यालय का उद्घाटन कर इसे कार्यकर्ताओं को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह कार्यालय न केवल पार्टी की गतिविधियों का केंद्र बनेगा, बल्कि क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। समारोह में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे,जिन्होंने मुख्यमंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया।

**260 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शुभारंभ**

मुख्यमंत्री ने भिलाई में 260 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इन परियोजनाओं में सड़क,शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे से संबंधित कार्य शामिल हैं, जो क्षेत्र के विकास को नई गति प्रदान करेंगे। साय ने कहा, हमारी सरकार 'मोदी की गारंटी' के तहत छत्तीसगढ़ के हर क्षेत्र में विकास को गति देने के लिए प्रतिबद्ध है। ये परियोजनाएं भिलाई के लोगों के जीवन स्तर को और बेहतर बनाएंगी।

**प्रमुख नेताओं की उपस्थिति**

कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडे और पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडे ने भी हिस्सा लिया। इन नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। सरोज पांडे ने कहा कि भिलाई का यह नया कार्यालय भाजपा के विजन को और मजबूत करेगा, जबकि किरण देव सिंह ने कार्यकर्ताओं से विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।




## शराब घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू जल्द ही आबकारी अफसरों से करेगी पूछताछ

**रायपुर,18 अगस्त 2025(ए)।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के दौरान 3200 करोड़ रुपए का शराब घोटाला हुआ। अब इस मामले में सिंडिकेट में काम कर रहे आबकारी अफसरों से जल्द पूछताछ शुरू होगी। ईओडब्ल्यू के अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है। जांच अधिकारियों के अनुसार, डिस्टलरी संचालकों और मैन पावर सप्लाई करने वाले कारोबारियों से पूछताछ हो चुकी है। इन कारोबारियों से पूछताछ में अहम जानकारियां मिली है। इन जानकारियों के आधार पर जांच का दायरा बढ़ाया गया है।

आबकारी के जिन अफसरों पर एफआईआर दर्ज हुई है, उन सबको पूछताछ के लिए आने वाले दिनों में बुलाया जाएगा। ईओडब्ल्यू सूत्रों के अनुसार आबकारी विभाग के कुछ अफसरों को नोटिस भी भेजा गया है। जांच अधिकारियों के इस कदम के बाद आबकारी विभाग में हडकंप मचा हुआ है। शराब घोटाले के आरोप मेंईओडब्ल्यू ने 22 अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# धर्मान्तरण करवाने का आरोप

**» बवाल के बाद पास्टर सहित दो गिरफ्तार**

**बिलासपुर,18 अगस्त 2025 (ए)।** न्यायधानी बिलासपुर में एक बार फिर से हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने लोगों की बीमारी ठीक करने और प्रलोभन देकर धर्म बदलने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पास्टर समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है।



यह मामला बिलासपुर के पचपेड़ी थाना क्षेत्र का है। दरअसल,हिंदू संगठन के कार्यकर्ता लगातार घूम-घूम कर शुक्रवार और रविवार को होने वाले प्रार्थना सभा को टारगेट कर रहें हैं, जहां हिन्दू वर्ग के लोगों को बुलाया जाता है। उनका आरोप है कि गरीब और ज़रुरतमंद लोगों के साथ बीमारी सहित अन्य तरह से परेशान लोगों को उनकी मदद करने का झांसा देकर उनका धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। साथ ही उनका ब्रेनवॉश किया जा रहा है। इस दौरान पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई। थाने में हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने धर्मान्तरण कराने का आरोप लगाया। उन्होंने धर्मांतरण के लिए प्रलोभन देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। साथ ही थाने में एक आवेदन भी दिया।

संगठन की शिकायत के आधार पर पुलिस ने पास्टर सुखनंदन लहरे और उसके भाई रघुनंदन लहरे के खिलाफ धर्म स्वातंत्रय अधिनियम और बीएनएस की धारा 299 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

## एक महिला की लाश की खोजबीन में मिली दूसरी महिला की लाश



**रायपुर,18 अगस्त 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले के आरंग से बड़ी खबर सामने आई है। जहां रक्षाबंधन पर्व मनाने के लिए अपने मायके पारागांव आई स्वाति त्रिवेदी ने आज सुबह महानदी में छलांग लगा दी। जिसकी सूचना पर पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और महिला की खोजबीन में जुट गई। थोड़ी देर बाद गोताखोरों की टीम को एक लाश दिखाई दी। लेकिन यह लाश दूसरी अज्ञात महिला की निकली। बताया जा रहा है कि, अज्ञात महिला की लाश को नदी से निकालकर विवेचना कर शिनाख्ती की कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने बताया कि, प्रारंभिक जांच के अनुसार शव दो चार दिन पुराना लग रहा है,महिला का शव सम्भवतः नदी में बहते आया होगा। जिसकी उम्र लगभग 50 से आस पास होगी।

## 845 नव पदोन्नत प्राचार्यों के पदांकन के लिए 20 से 23 अगस्त तक रायपुर में ओपन काउंसिलिंग होगी




**रायपुर,18 अगस्त 2025 (ए)।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्राचार्य (टी-संवर्ग) के पदोन्नति आदेश जारी कर दिए गए हैं। इन पदोन्नत प्राचार्यों के पदांकन हेतु ओपन काउंसिलिंग का आयोजन 20 अगस्त से 23 अगस्त 2025 तक शासकीय शिक्षा महाविद्यालय परिसर, शंकर नगर रायपुर में किया जाएगा। इस काउंसिलिंग में कुल 845 नव पदोन्नत प्राचार्य शामिल होंगे। काउंसिलिंग का समय प्रतिदिन प्रातः 10:00 बजे से निर्धारित है। प्रत्येक दिन प्रथम पाली में 150 और द्वितीय पाली में 150 इस प्रकार प्रत्येक दिन कुल 300 अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग में शामिल किया जाएगा। काउंसिलिंग की तिथि एवं समय की जानकारी पदोन्नत प्राचार्यों की सूची तथा रिक्त पदों की सूची स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट एचटीटीपीएसः// ईडूपोर्टल.सीजी. एन आई सी. आई एन/ पर उपलब्ध कराई गई है। काउंसिलिंग प्रक्रिया में प्राथमिकता का निर्धारण वरिष्ठता और नियमावली के अनुसार किया जाएगा। व्याख्याता, व्याख्याता एल.बी., प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला के पदोन्नति आदेश के लिए काउंसिलिंग हेतु प्राथमिकता निर्धारण (प्रथम चार का क्रम निर्धारण) व्याख्याता,व्याख्याता (एल.बी.), प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला की वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति आदेश के सरल क्रमांक के अनुसार एक अनुपातिक सूची (व्याख्याता, व्याख्याता (एल.बी.) प्रधान पाठक (माध्यमिक शाला) 2:1:1 में तैयार की गई है। उपरोक्त अनुपात भर्ती तथा पदोन्नति नियम के अनुसार व्याख्याता 65 प्रतिशत (व्याख्याता 70 प्रतिशत तथा व्याख्याता एल.बी. का कोटा 30 प्रतिशत है) जबकि प्रधान पाठक (मा.शाला) 25 प्रतिशत के आधार पर निर्धारित है। सर्वप्रथम एक वर्ष से कम अवधि के भीतर सेवानिवृत्त होने वाले व्याख्याता, व्याख्याता एल.बी.,प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला को वरिष्ठता के आधार पर संस्था चयन हेतु प्राथमिकता दी जाएगी। काउंसिलिंग प्रक्रिया में दिव्यांग (महिला एवं पुरुष) को पहले प्राथमिकता दी जाएगी। तत्पश्चात् महिला तथा इसके बाद पुरूष वर्ग को वरिष्ठता के क्रम में संस्था चयन हेतु प्राथमिकता दी जाएगी। सभी पदोन्नत प्राचार्यों को अपने वर्तमान संस्था प्रमुख से प्रमाणित सेवा प्रमाण-पत्र,मूल पदस्थापना संबंधी जानकारी तथा शासन द्वारा मान्य फोटोयुक्त पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लाना होगा। दिव्यांग अभ्यर्थियों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। काउंसिलिंग हेतु वेटिंग हॉल सेमिनार कक्ष क्रमांक 01 एवं काउंसिलिंग कक्ष क्रमांक 02 निर्धारित किए गए हैं। दोनों कक्षों में केवल अभ्यर्थियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। काउंसिलिंग में अनुपस्थित रहने वाले प्राचार्यों को अंतिम दिन 23 अगस्त को अवसर दिया जाएगा। काउंसिलिंग पूर्ण होने के बाद पदस्थापना आदेश शासन द्वारा जारी किए जाएंगे तथा आदेश जारी होने के 7 दिवस के भीतर नवीन पदस्थापना स्थल पर पदग्रहण करना अनिवार्य होगा।

## भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे तहसीलदार के तबादले के बावजूद वकील आंदोलन पर उतारू

**» भ्रष्ट व्यवस्था में सुधार की कर रहे मांग**

**बेलगहना (कोटा),18 अगस्त 2025(ए)।** भ्रष्टाचार और अनियमितता के आरोपों से घिरे बेलगहना तहसीलदार अभिषेक राठौर को अंततः पद से हटा दिया गया है। लेकिन ग्रामीणों, अधिवक्ताओं और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि इससे व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हुआ है। आमजन और किसान अभी भी तहसील कार्यालयों के चक्कर




काटने को मजबूर हैं, और बिना पैसे दिए काम न ोने की शिकायतें जस की तस बनी हुई हैं।

**गरीब की फाइल धूल खाती हैःसचिन साहू**

तहसील कार्यालय में व्याप्त भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाने वाले अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता सचिन साहू ने कहा कि ÷बड़े लोगों का काम पैसों के दम पर हो जाता है, लेकिन गरीब किसान और आमजन कहाँ जाएं? बिना पैसे फाइल और आवेदन महीनों तक धूल खाते रहते हैं। छोटे ऑपरेटर से लेकर तहसीलदार तक हर कदम पर भ्रष्ट आचरण देश और समाज को खोखला कर रहा है।

**होगा तहसील का घेराव**


इस स्थिति के खिलाफ अधिवक्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने बेलगहना तहसील का घेराव करने का ऐलान किया है। उनकी प्रमुख मांग है कि तहसीलदार के खिलाफ जांच हो, तहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली में सुधार हो। भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों पर वास्तविक कार्रवाई की जाए। बिना जांच और दंड के सिर्फ तबादला करने की प्रथा बंद हो।

## केलो डैम में डूबा पीडब्ल्यूडी सब इंजीनियर का बेटा

**» रायगढ़ में दोस्तों के साथ गया था घूमने**

**» मछली के जाल में फंसा मिला शव**

**रायगढ़,18 अगस्त 2025(ए)।** रायगढ़ जिले में रविवार की रात बड़ा हादसा हो गया। पीडब्ल्यूडी विभाग में पदस्थ सब इंजीनियर डीके प्रधान का बेटा सुशांत प्रधान (24) केलो डैम में डूब गया। गोताखोरों ने उसकी लाश बरामद कर ली है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, छोटे अतरमुड़ा निवासी सुशांत प्रधान रविवार रात अपने दोस्तों अविनाश सारथी (कोष्टापारा) और पुलेन्द्र सिंह (गोरखा) के साथ कार से केलो डैम घूमने पहुंचा था।



डैम पर अविनाश और पुलेन्द्र कार में बैठे रहे, जबकि सुशांत पानी में उतर गया। काफी देर तक जब वह बाहर नहीं आया तो दोस्तों ने खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला।

## डिप्टी कलेक्टर ने पुलिस वाली प्रेमिका को दिया धोखा



**बालोद,18 अगस्त 2025(ए)।** जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक महिला आरक्षक ने डिप्टी कलेक्टर दिलीप उईके पर शादी का झांसा देकर बार-बार शारीरिक संबंध बनाने, जबरदस्ती गर्भपात करवाने और आर्थिक शोषण करने का गंभीर आरोप लगाया है। शिकायत में महिला ने यह बताया है कि उनका संबंध करीब आठ साल तक चलता रहा। इस दौरान उसने डिप्टी कलेक्टर को लाखों रुपये भी दिए। पीड़िता ने इस मामले की शिकायत डौंडी थाना में की है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डौंडी थाना में महिला आरक्षक ने शिकायत में बताया कि वर्ष 2017 में ग्राम अवारी, जिला बालोद निवासी दिलीप उईके के साथ वह डौंडी स्थित आईटीआई में पढ़ाई कर रही थी। एक साथ पढ़ाई करने के कारण हमारी बातचीत शुरू हुई, जो धीरे-धीरे प्यार में बदल गई। दिलीप ने उससे शादी का वादा किया और उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित करना शुरू किया और करता रहा। इस मामले में महिला आरक्षक की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)